

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 251 | ग्वालियर, शनिवार, 01 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर...

### शादी की शहनाई बजाने वाले सावन के उपाय



**नई दिल्ली।** शादी ब्याह में देरी परिवार में कई बार तनाव का कारण बन जाती है. ऐसे में जिसकी शादी होनी है वो तो कई तरह की मानसिक स्थितियों से गुजरता ही है लेकिन घर वाले भी उसके लिए परेशान होते हैं. ऐसे में अगर आपकी शादी में देरी हो रही है, शादी का रिश्ता पक्का नहीं हो रहा या फिर आपकी शादी का रिश्ता बार-बार पक्का होकर टूट रहा है तो ये सावन के उपाय आपकी मदद कर सकते हैं. सच्चे मन से जो भी काम किया जाता है उसका परिणाम जरूर मिलता है. तो आइए आपको ऐसे रामबाण उपाय बताते हैं जो इस सावन में ही आपका रिश्ते की बात पक्की करा देंगे।

- सावन के महीने सुबह सुर्योदय के समय उठकर पानी में गंगाजल डालकर नहाएं और नहाते हुए ऊं नमः शिवाय का जाप करें. नहाने के बाद मंदिर में शिवलिंग को जल चढ़ाएं और चंदन की टीका पहले शिवलिंग को लगाने के बाद खुद अपने माथे पर लगाएं. किसी सुहागन से अपने माथे पर टीका लगवाने से भी आपके विवाह के योग जल्द बनेंगे.
- शिव के साथ माता पार्वती की पूजा सावन में अवश्य करें ऐसा करने से भी योग जल्द बनेगा.
- सोमवार के दिन माता पार्वती और शिव को खीर का भोग लगाएं. घर में अपनी माता या सुहागनों को खिलाएं उनसे आशीर्वाद लें. ऐसा करने से आपकी शादी की मुराद पूरी होगी
- सावन के हर सोमवार आप 108 बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ाएं लेकिन उससे पहले आप उस पर चंदन से श्री राम लिखें
- सावन में ही पक्की हो जाएगी बात बस हर सोमवार शिवलिंग पर नागकेसर का फूल चढ़ाएं. अगर आपकी शादी हो चुकी है तो अपने दांपत्य जीवन को सुखी बनाने के लिए ये उपाय करें। तो इस साल अपने हाथों पर शादी की मेहंदी लगाने का ये मौका ना गवाएं. सच्चे मन से उपाय करें और अपने रिश्ते की बात पक्की करें. ये ज्योतिषि उपाय हैं ।

### तो क्या अब इंडियन आर्मी की बजाय रूस और चीन की फौज में लड़ेंगे वीर गोरखा



**नई दिल्ली।** 1971 की जंग में पाकिस्तान को मात देकर बांग्लादेश जैसा नया देश बनाने वाले इंडियव आर्मी के सेनापति यानी फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ ने एक एक बार कहा था कि अगर कोई शख्स कहता है कि उसे मौत से डर नहीं लगता तो या तो वो झठ बोल रहा है या वो गोरखा है. सैम मानेकशॉ जैसे बड़े मिलिट्री लीडर की ये तारीफ इस बात का प्रमाण है कि नेपाल से आकर इंडियन आर्मी में भर्ती होने वाले गोरखा जवान कितने बहादुर होते हैं. इंडियन आर्मी की शान ये गोरखा जवान इन दिनों चर्चा में हैं. अब इनके भारत की सेना में भर्ती होने की नहीं बल्कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भाड़े के सैनिकों के तौर पर शामिल होने खबरें आ रही हैं. यही नहीं , भारत का दुश्मन देश चीन भी अब अपनी फौज में इन गोरखा सैनिकों को शामिल करने की प्लैनिंग कर रहा है जबकि इंडियन आर्मी में इनकी भर्ती फिलहाल बंद है. तो आखिर वो कौन से हालात है जिनके चलते गोरखा अब रूस जाकर भाड़े सैनिक बन रहे हैं और कैसे चीन इन सैनिकों पर अपनी नजरें गढ़ा रहा. पहाड़ी देश नेपाल के इन गोरखा सैनिकों को बहादुर और वफादार माना जाता है. 1962 का भारत चीन युद्ध हो या फिर 1965 और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध हों या फिर कारगिल की जंग.गोरखा सैनिकों ने भारत की हर जंग में कुर्बानी दी है . वही गोरखा सैनिक और रूस -यूक्रेन युद्ध में भाड़े के सैनिकों के तौर पर रूस की ओर से लड़ रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स से मुताबिक रूस की ओर से इन्हें 50,000 नेपाली रुपए तनख्वाह दी जा रही है. अगर ये सैनिक एक साल से ज्यादा वक्त तक जंग में लड़ते हैं तो इन्हें लगभग तीन लाख नेपाली रुपए मिलेंगे और रूस की नागरिकता भी दी जाएगी. रूस ही नहीं इन वीर गोरखाओं पर चीन की भी नजर है. हाल ही में चीन की ओर से एक एनजीओ ने नेपाल में स्टडी की गई थी जिसका मकसद चीन की सेना में गोरखाओं की भर्ती की संभावनाओं को तलाशना है.

### ऑपरेशन थिएटर में हिजाब पहनने की मांगी अनुमति

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर हिजाब का मुद्दा सुर्खियों में है. दक्षिण भारत के केरल में मेडिकल की छात्रों ने हिजाब पहन कर ड्यूटी करने और ऑपरेशन करने की कॉलेज प्रिंसिपल से इजाजत मांगी है. केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के सरकारी मेडिकल कॉलेज की सात छात्रों ने कॉलेज प्राचार्य को पत्र लिखा है. छात्रों ने कहा



कि मुस्लिम महिलाओं को हिजाब पहनना जरूरी है. बगैर हिजाब का वह बाहर नहीं जा सकती है. अभी इस पर सिर्फ छात्राओं ने अनुमति मांगी है, छात्राओं ने इसे धार्मिक मान्यताओं से जोड़ते हुए ड्यूटी के दौरान हिजाब पहनने की अनुमति मांगी है. छात्रों की इस मांग के बाद आशंका जताई जा रही है कि हिजाब को लेकर तीखी बहस एक बार फिर से शुरू होने वाली है. केरल मेडिकल कॉलेज की 2020 बैच की छात्रा ने प्रिंसिपल को पत्र लिखा. जिसमें उसने जिक्र किया कि उन्हें जल्द से जल्द लंबी आस्तीन वाली स्क्रब जैकेट और सर्जिकल हुड पहनने की इजाजत दी जाए.

# पीएम मोदी दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल हुए. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय कंप्यूटर सेंटर और प्रौद्योगिकी संकाय की इमारत और दिल्ली विश्वविद्यालय के अकादमिक ब्लॉक की आधारशिला रखी. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यहां आना बिल्कुल अपनों में आने जैसा है. यहां कुछ लोगों को मैं उनके छात्र जीवन से जानता हूं. उनमें से आज कई लोग आज अहम पदों पर हैं. उन्होंने कहा कि छात्रों की तरह मैं भी आज मेट्रो का सफर कर यहां तक पहुंचा हूं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने ऐसे समय में अपने 100 वर्ष पूरे किए हैं, जब




देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मना रहा है. कोई भी देश हो, उसके विश्वविद्यालय, शिक्षण संस्थान, उसकी उपलब्धियों का सच्चा प्रतिबिंब होते हैं. ष्ठ की भी इन 100 वर्षों की यात्रा में कितने हीं ऐतिहासिक पड़ाव आएं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए मेट्रो से यात्रा किया. इस दौरान प्रधानमंत्री ने मेट्रो में यात्रा कर रहे यात्रियों से बातचीत की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल हुए यह खबर अभी ब्रेकिंग न्यूज है. इसके अपडेट आ रहे हैं. जैसे-जैसे अपडेट आते जाएंगे हम आप तक पहुंचाएंगे.

# मेट्रो से दिल्ली यूनिवर्सिटी पहुंचे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने खास अंदाज के लिए जाने जाते हैं. दौरा कहीं का भी हो केंद्र पीएम मोदी ही रहते हैं. इसी कड़ी में एक बार फिर शुक्रवार को पीएम मोदी सुर्खियों में हैं. मौका है उनके दिल्ली यूनिवर्सिटी दौरे का. पीएम मोदी को शुक्रवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेना था इसके लिए उन्होंने मेट्रो से जाना ही उचित समझा. खास बात यह है कि पीएम मोदी के मेट्रो में सफर करने से लोगों में खासा उत्साह दिखा. अपने बीच प्रधानमंत्री को देख लोग काफी उत्साहित नजर आए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 जून को दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे हैं. इसके लिए उन्होंने अपने लाव लश्कर की बजाए मेट्रो जाने का फैसला लिया. उनके इस फैसले के चलते दिल्लीवासी जो मेट्रो से सफर कर रहे थे वो भी खासे एक्साइटेड दिखे. इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों से बातचीत भी की. उनकी बातचीत की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. प्रधानमंत्री मोदी का मेट्रो में अलग ही अंदाज नजर आया. इस दौरान वो हर वर्ग के बीच आम जनता की बैठे रहे और उनसे बातचीत करते नजर आए. मेट्रो में सफर करने के लिए पीएम मोदी ने बकायदा लाइन में लगकर मेट्रो का इंतजार किया. मेट्रो आने के बाद वो भी आम यात्री की तरह ही मेट्रो के एक कोच में बैठे और अपने सफर की शुरुआत की. इससे पहले उन्होंने टोकन खरीदा और इस टोकन से मेट्रो प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए इसका इस्तेमाल भी किया. अपनी इस यात्रा को लेकर पीएम मोदी एक ट्वीट भी किया. उन्होंने लिखा कि- डीयू कार्यक्रम के लिए रास्ते में हूं. युवाओं को अपने सह-यात्रियों के रूप में पाकर में काफी खुश हूं.



# महंगाई की आग में झुलस रही जनता की थाली

**नई दिल्ली।** टमाटर के बढ़ते दामों के बीच केंद्र सरकार एक बार फिर विपक्ष के निशाने पर है. महंगाई के मुद्दे को लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है. इसी बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक ट्वीट में महंगाई की मार का जिक्र करते हुए सरकार पर निशाना साधा. खरगे ने कहा कि पिछले 9 सालों से जनता सिर्फ महंगाई की आग में झुलस रही है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई को लेकर मोदी सरकार के मंत्री रोज बहाने बनाते हैं.

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्विटर पर लिखा, ÷बहुत हुई महंगाई की मार÷ ये नारा दिया गया थाज झूठ की बिसात बिछाकर जनता से ÷अच्छे दिन आने वाले हैं÷ का केवल छल किया गया. परिणाम ये है कि पिछले 9 सालों से जनता की थाली, केवल महंगाई की आग में झुलस रही है. खान-पान की जरूरत की चीजों के दामों में कोई कमी नहीं आई है और जनता की



कमाई पर भाजपाई लूट हावी है. महंगाई को लेकर मोदी जी के मंत्रीगण नित नए बहाने बनाते हैं और जनता की ख़ाली होती थाली में झूठ और प्रोपेगेंडा परोसते जाते हैं. खरगे ने अपने ट्वीट में आगे कहा, कुछ पहरेदार तो ये भी गिनवाते हैं कि महंगाई हमारे लिए कैसे अच्छी है, मोदी जी ने किया होगा तो कुछ सोच समझकर ही किया होगा. ऐसे प्रेरित व्याख्यान से जनता को बरगलाते हैं! पर अब जनता जागरूक हो रही है. जनता जान चुकी है कि जानलेवा महंगाई की असली प्रायोजक केवल मोदी सरकार ही है! पिछले कुछ दिनों से लगभग हर सब्जी में इस्तेमाल होने वाले टमाटर के दाम 100 रुपये से ज्यादा हो चुके हैं. कई शहरों में टमाटर 120 रुपये किलो तक बिक रहा है. जिससे आम जनता पर महंगाई की मार पड़ रही है. टमाटर के अलावा कई और चीजों के दाम बढ़ने से भी लोगों का बजट बिगड़ गया है. विपक्ष मोदी सरकार से इसे लेकर सवाल पूछ रहा है.

### मरने से नहीं डरता, जाति की वजह से हुआ हमला

**नई दिल्ली।** दलित एक्टिविस्ट और आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद रावण पर बीते दिनों हमला हुआ था. उनको एक कार्यक्रम में जाते समय कुछ अज्ञात लोगों ने गोली चला दी थी जो उनको छूकर निकल गई थी. वह उसके बाद घायल हो गए थे, जहां पर उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल से डिस्चॉर्ज होने के बाद एबीपी न्यूज ने उनसे एक्सक्लूसिव बातचीत की है. इस बातचीत में उन्होंने कहा, मैं मरने से नहीं डरता हूं और मुझ पर जो हमला हुआ है वो मेरी जाति की वजह से हुआ है. चंद्रशेखर आजाद रावण ने कहा, मैं खुद जानना चाहता हूं कि वो कौन लोग हैं जिनको मेरी जान से मुझसे भी ज्यादा प्यार है. उन्होंने कहा, मैं हमेशा कमजोरों की लड़ाई लड़ता रहता हूं, मेरे किसी को न्याय दिलाने से आखिर किसी को क्या तकलीफ हो सकती है. आप तार्किक विरोध कर सकते हैं लेकिन किसी को गोली मारने का आपको अधिकार नहीं है.

## सुपरटेक के मालिक आरके अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद क्या सोच रहे बायर्स




*__नई दिल्ली।__ प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने सुपरटेक ग्रुप के मालिक आरके अरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया. अरोड़ा पर मनी लॉन्डरिंग के आरोप था. वहीं, आरके अरोड़ा की गिरफ्तारी से लगभग 20 हजार फ्लैट बायर्स का पैसा भी फंस गया है. लेकिन बड़ा सवाल यह सुपरटेक के मालिक की गिरफ्तारी के बाद निवेशक क्या सोच रहे हैं. इसके लिए न्यूज नेशन ने इको विलेज वन से ग्राउंड रिपोर्टिंग की और चौपाल लगाकर लोगों के साथ बातचीत की. यहां लोगों ने बताया कि सोसाइटी में मूलभूत सविधाओं की कमी है. बेसमेंट मे पानी की भरमार है. बैमेंट के पिलर में दरार आने के बाद लोहे की एंगल पर पूरी इमारत खड़ी है. लोगों से बातचीत में सामने आया कि सोसाइटी में रह रहे करीब 5 ह?ार फ्लैट मालिकों की रजिस्ट्री नहीं हुई है. इसके साथ ही सोसाइटी के अधूरे टॉवर मे करीब 2000 लोगों का पैसा फंसा है. सोसाइटी के अधूरे टॉवर के बेसमेंट में पानी भरा रहता है. न्यूज नेशन की टीम ने पाया कि मौके पर बिजली के तार खुले पड़े हैं. इसके साथ ही फायर सेफ्टी के इंतजाम भी आधे-अधूरे पड़े हैं. लोगों ने ग्राउंड पर टीम को दिखाया कि बेसमेंट मे पानी और गंदगी भरी हुई थी. बिल्डिंग में पिलर के स्थान पर लोहे के पाइप लगाए गए हैं. अधूरे टॉवर में क्लब समेत सबकुछ अधूरा पड़ा है. आपको बता दें कि दिल्ली-एनसीआर में सुपरटेक ग्रुप के लगभग 18 प्रोजेक्ट में करीब 20 हजार बायर्स फंसे हुए हैं. इस सभी प्रोजेक्ट्स को कंप्लीट करने के लिए लगभग तीन हजार करोड़ रुपए की जरूरत है.*

## उद्धव ठाकरे को लगा बड़ा झटका, बेटे आदित्य के करीबी राहुल कनाल लेंगे शिंदे गुट की शिवसेना में एंट्री

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत के बाद से ही उद्धव ठाकरे गुट के कई नेता पाला बदल चुके हैं. इस लिस्ट में अब एक नाम और जुड़ गया है. उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे के करीबी राहुल कनाल ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया है. आगामी 1 जुलाई को शिंदे सरकार के खिलाफ मुंबई में विराट मोर्चा निकालने से पहले ये उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका कहा जा सकता है. राहुल कनाल ने एबीपी न्यूज से बातचीत करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी कुछ चंद लोगों के इशारे पर चला रहे हैं. उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की सलाह पर उद्धव ठाकरे फैसले लेते हैं और पार्टी में अन्य लोगो को जोड़े रखने की इच्छा नहीं है. उन्होंने कहा कि मुझे पिछले साल आयकर की नोटिस आई थीं, जिसमें मुझे क्लीन चिट मिली है. उन्होंने कहा कि शनिवार (1 जुलाई) को शाम 4 बजे के बाद मैं एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होऊंगा और उसके बाद मीडिया से बात करूंगा.



# समान नागरिक संहिता पर आदिवासी अड़े, मुश्किलों में फंस सकती है बीजेपी

**नई दिल्ली।** समान नागरिक संहिता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पैरवी के बाद माना जा रहा है कि केंद्र सरकार इसे जल्द लागू कर सकती है. मोदी सरकार मानसून सत्र में ही यूसीसी विधेयक ला सकती है. विधि आयोग ने हाल ही में लोगों से नागरिक संहिता पर राय मांगी थी. देश भर से अब तक 8.5 लाख लोगों ने इस पर अपना विचार भी साझा किया है. समान नागरिक संहिता बीजेपी का कोर मुद्दा रहा है और स्थापना के वक्त से ही पार्टी इसे उठाती रही है. जानकारों का मानना है कि मंडल की राजनीति में घिरी बीजेपी 2024 से पहले यूसीसी को लागू कर ब्रांड हिंदुत्व को और मजबूत करना चाहती है, जिससे चुनाव 80 (हिंदू) वर्सेज 20 (मुसलमान) का हो जाए.

हालांकि, आदिवासियों और पूर्वोत्तर के लोगों के विरोध ने बीजेपी की एक देश-एक विधान के नारों की मुश्किलें खड़ी कर दी है. झारखंड के 30



आदिवासी संगठनों ने बयान जारी कर कहा है कि विधि आयोग से इसे वापस लेने के लिए कहेंगे. आदिवासियों नेताओं का कहना है कि समान नागरिक संहिता अगर लागू होती है, तो इससे उनकी प्रथागत परंपराएं खत्म हो जाएगी. साथ ही जमीन से जुड़े छोटानगपुर टेनेंसी एक्ट और संथाल परगना टेनेंसी एक्ट पर भी इसका असर होगा. आदिवासी संगठनों के विरोध पर बीजेपी के बड़े नेताओं ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है. राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अगर आदिवासी समाज इसका विरोध करता है, तो बीजेपी को नफा से ज्यादा सियासी नुकसान हो सकता है. भारत में 10 करोड़ से अधिक आदिवासी हैं, जिनके लिए लोकसभा की 47 सीटें आरक्षित की गई है. मध्य प्रदेश में 6, ओडिशा-झारखंड में 5-5, छत्तीसगढ़-गुजरात और महाराष्ट्र में 4-4, राजस्थान में 3, कर्नाटक-आंध्र और मेघालय में 2-2, जबकि त्रिपुरा में लोकसभा की एक सीट आदिवासियों के लिए आरक्षित है. लोकसभा की कुल सीटों का यह करीब 9 प्रतिशत है, जो गठबंधन पॉलिटिक्स के लिहाज से काफी अहम भी है. आरक्षित सीटों के अलावा मध्य प्रदेश की 3, ओडिशा की 2 और झारखंड की 5 सीटों का समीकरण ही आदिवासी ही तय करते हैं. साथ ही करीब 15 लोकसभा सीटों पर आदिवासी समुदाय की आबादी 10-20 प्रतिशत के आसपास है, जो जीत-हार में अहम भूमिका निभाती है. कुल मिलाकर कहा जाए तो लोकसभा की करीब 70 सीटों का गुणा-गणित आदिवासी ही सेट करते हैं.



# हाऊसिंग बोर्ड कार्यालय से सहायक यंत्री हुये सेवानिवृत्त

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल संभाग दमोह में पदस्थ सहायक यंत्री संजीव सक्सेना का दिनांक 30/06/2023 को शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्ति के उपलक्ष्य में समस्त कार्यालय के अधिकारियो/ कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समस्त अधिकारियो/ कर्मचारियों द्वारा संजीव सक्सेना को भविष्य के जीवन हेतु शुभकामनायें देते हुये पुष्प माला एवं शॉल से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान महेन्द्र खरे कार्यपालन यंत्री, आर.पी.पटेल पूर्व कार्यपालन यंत्री, आर.के.बाथम सहायक यंत्री, प्रदीप यादव सहायक यंत्री, बाला प्रसाद विश्वकर्मा संभागीय लेखापाल, पी.एन.गुप्ता, अशोक कुमार जैन उपयंत्री एवं दृगपाल सिंह, सुरेश तिवारी, प्रहलाद सिंह, शिवनारायण सेन पप्पू मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच संभागीय सह सचिव,श्रीमति नीलम पटेल, दर्शन सिंह, सीताराम सहायक, अशोक सेन एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# न्यायालय परिसर हटा में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में आज न्यायालय परिसर हटा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति देवेन्द्र अतुलकर द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। शिविर में न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति हटा देवेन्द्र अतुलकर, न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी दीप्ती ठाकुर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनील कुमार खरे, न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी तेज सिंह गौड, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आर के असाटी, अधिवक्ता ए पी मिश्रा, डा ए पी जैन श्रीकांत तिवारी, डॉ. यू. एस पटैल, डॉ शारदा पटैल, लैब टेक्निशियन मनीष श्रीवास्तव, लैब टेक्निशियन हरिशंकर साहू एवं न्यायालय के कर्मचारीगण, पक्षकार आदि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 15 व्यक्तियों द्वारा 15 यूनिट रक्त दिया गया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही है कि सिविल अस्पताल हटा में उपचारित गंभीर एनीमिया से पी?ित एक 09 माह की गर्भवती महिला जिन्हें ए.बी पॉजीटिव रक्त की आवश्यकता थी, जो वर्तमान में अस्पताल में उपलब्ध नहीं था, उन्हें न्यायाधीश देवेन्द्र अतुलकर ने उन्हें ए.बी. पॉजीटिव रक्त दिया गया। उक्तानुसार एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।




# खाद्य एवं औषधी प्रशासन दमोह की टीम द्वारा हटा ब्लॉक में खाद्य एवं औषधी की गुणवत्ता से संबंधित किये गये निरीक्षण




**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संगीता त्रिवेदी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन दमोह की टीम द्वारा हटा ब्लॉक में खाद्य एवं औषधी की गुणवत्ता से संबंधित निरीक्षण किए गए, जिसमें औषधी निरीक्षक महिमा जैन द्वारा मेडिकल स्टोर्स की जांच की एवं दवाइयों के नमूने लिए गए एवं उन्हे जांच के लिये औषधी परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। निरीक्षण के दौरान ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत रूल्स एण्ड रेगुलेशन फॉलो किए जा रहे हैं या नहीं इसकी जांच की गई। नियमों के उल्लंघन के चलते संबंधित दुकानों को कारण बताओ नोटिस कार्यालय से जारी किए जाएंगे।जांच के दौरान कर्मा मेडिकल, कल्प मेडिकल, श्रीराम फार्मा, श्री बजरंग मेडिकल, मां चंडी मेडिकल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ मेडिकल बंद पाए गए जिनको कार्यालय से कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा से संबंधित जांच माधवी बुधौलिया फूड सेफ्टी ऑफिसर द्वारा की गई इसमें आर्यन मिल्क प्रोडक्शन एवं वर्णिता मिड डे मील का निरीक्षण किया गया।

# शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही

## करैरा पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को 10 ग्राम स्मैक मोटर सायकल के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय रघुवश सिंह भदौरिया के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथिवार, अवैध खनन परिवहन अवैध शराब की धरपक? अभियान के तहत बीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये निर्देशों के पालन में अति पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं श्री चतुर्वेदी जी के कुशल मार्गदर्शन में कल दिनांक 29.06.2023 की रात्रि में धाना करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बल्लू राय अपने दो साथियों के साथ मोसा से मादक पदार्थ स्मैक लिए गधाई तरफ आ रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक [हेतु फोर्स द्वारा मौके पर करेरा भितरवार रोड गाई तिराहा पर पहुंचकर चेकिंग लगाई तो एक काले कलर की टीव्हीएस मोटर साइकिल क्रमांक 93-8639 आती दिखी जिस पर तीन लोग बैठे हुए थे जिसे फोर्स की मदद से रोकना चाहा तो पुलिस को देखकर भागने लगे मो0स0 के बीच में बैठा व्यक्ति मोसा) से उत्तरवर खेतों में भागा भागते समय गिर पड़ा।




जिन्हें हमराही फोर्स की मदद से पकड़ा मो0 बालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सोनू खटीक पुत्र सुरेश खटीक उम्र 32 साल लिए पुराने अस्पताल के पीछे करैरा का होना बताया, बीच में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बल्लू उर्फ बालकिशन पुत्र राजाराम शिवहरे उम्र 37 साल नए नया अमोला हालग्राम फतेहपुर का होना बताया तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रांी पुत्र रूप सिंह रावत उम्र 50 साल नि0 ग्राम बासगढ़ का होना बताया। आरोपियों से 10 ग्राम मादक पदार्थ क कीमती 100000 रुपये एक टीव्हीएस मोटर साइकिल क्रमांक क्र93488639 कीमती 50000 रूपये एवं नगदी 400 रूपये कुत मशरूका 150400 रूपये बरामद किये गये। उपरोक्त आरोपीगणों के विरुद्ध अप.क्र. 424/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों से बरामद शुदा मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बरामद माल 10 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक पाउडर कीमती 1,00,000

**इनकी रही भूमिका**– थाना प्रभारी करैरा नि0 श्री सुरेश शर्मा, उनि पुरोहित, आर0 1073 अनूप कुमार, आर 732 संजीव श्रीवास्तव, आशा 696 सोनू पाण्डेय, आर0 639 सोनू श्रीवास्तव, बालक आर0 114 शिवराज




# भृष्टाचार एवं जनसमस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव (भिण्ड)। जिले के मेहगांव तहसील में हो रहे भारी भृष्टाचार और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जिला किसान कांग्रेस कमेटी भिण्ड ने मेहगांव में 7 सूत्रीय मांग को लेकर तहसील मेहगांव के सामने 30 जून 2023 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम मेहंगाव एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि अगर 10 जुलाई तक 7 सूत्रीय मांगे पूरी नहीं की गई तो जिला किसान कमेटी के बैनर तले वह 10 जुलाई से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे और जब तक 7 सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं हो जाता तब तक धरना, आन्दोलन व भूख हड़ताल जारी रहेंगी। सभा को मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सिंह गुर्जर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के अलावा कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

सात सूत्रीय मांगे निम्न है -

(1) बिजली की अघोषित कटौती बन्द की जाये।

(2) बिजली के बढ़े हुए बिलों में सुधार कराया जाये।

(3) पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की 15 माह की काँग्रेस सरकार में गौवंश के लिए लाखो रुपयों से बनाई गई गौशालाओं को चालू कराया जाने और इसमें हुए भारी भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कराई जाये।

(4) मेहगांव,गोरमी,अमायन,रौन के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रो पर डॉक्टर और महिला डॉक्टर और स्टाफ नर्स पर्याप्त न होने के कारण मरीजों को भिण्ड व ग्वालियर रेफर कर देते हैं । इसलिए हॉस्पिटलों में पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था की जाये ।

(5) भिण्ड जिले व मेहगांव तहसील में किसानों की जमीन को आज तक ऑनलाइन नहीं किया गया है, इसमें अधिकारी और कर्मचारी आये दिन किसानों को परेशान करते रहते हैं और इसमें भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है, इसे बन्द किया जाये ।

(6) मेहगांव में मण्डी प्रांगण में किसानों के लिए ठण्डा पानी और सस्ते भोजन की व्यवस्था की जाये और मण्डी प्रांगण में ही व्यापारियों, किसानों के गल्ले का तौल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये ।

(7) मेहगांव तहसील में सालों से जमे हुए भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों को हटाकर अन्यत्र पदस्थ किया जाये और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाये । धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से किसान कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह गुर्जर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया,रणजीत सिंह गुर्जर,रामहर्ष सिंह कुशवाह, आशीष भारद्वाज, जगदीश शर्मा, अंकित तोमर, रेखा भदौरिया, इलियास, संदीप मिश्रा, जितेंद्र, सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शिवपुरी पुलिंग की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही जारी

## करैरा पुलिस द्वारा एक आरोपी को 700 लीटर कच्ची शराब, और मोटर साइकिल सहित किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय रघुवंश सिंह भदौरिया के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ जुआ सड़ा, अवैध हथियार अवैध खनन परिवहन अवैध शराब की धरपकड़ अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन में अति पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया एवं करेरा श्री संजय चतुर्वेदी जी के में दिनांक 29.06.2023 को कस्बा भ्रमण के दौरान थाना करेरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कुछ व्यक्ति दो कैन मे कच्ची शराब को लेकर विक्री हेतु जा रहे है जो अभी भितरवार रोड खैरापाट की पुलिया के पास है। कुशल मार्गदर्शन मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु हमराही फोर्स की मदद से भितरवार रोड खेराघाट पुलिया के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति मो.सा. पर वो प्लास्टिक के कैन नीले रंग के रोड के किनारे मो.सा. पर लटकाए हुए खड़ा हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को पास आता देख भागने का प्रयाश करने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम जीतेन्द्र रावत पुत्र रामभरोसे रावत उम्र 30 वर्ष नि. ग्राम चांसगढ़ थाना करैरा का होना बताया, आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक की कैन जिसमे करीब 70 लीटर हाथ भट्ट की कच्ची शराब एक मो.सा. हीरो स्प्लेन्डर रजि. नं. 1838 कुल का कीमती करीबन 64,000 रुपये को विधिवत जम किया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपक्ष 0 425/23 पंजीबद्ध किया गया। बरामद माल 01.70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब, मो.सा होरो स्प्लेन्डर रजिन1838 कुल कीमती करीबन 6-4000 रुपये। इनकी रही भूमिका थाना प्रभारी करेश निरोश श्री सुरेश शर्मा, सउनि कमल सिंह बंजारा आर 319 चन्द्रशेखर मीना आर 724 दीपेन्द्र गुर्जर

# मोदी जी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था हुई मजबूतः मुरलीधर सिन्हा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद- भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मोदी का संवाद हरदीभाटा सामुदायिक भवन में सुना गया । इस दौरान भाजपा जिला गरियाबंद पूर्व महामन्त्री एवं संवाद मंडल प्रभारी मुरलीधर सिन्हा भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान करके किया गया । भाजपा जिला गरियाबंद पूर्व जिला महामंत्री एवं संवाद कार्यक्रम मंडल प्रभारी मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि पिछले 9 साल में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई, दुनिया में भारत का वर्चस्व बड़ा है। मोदी जी की दुनिया भर में बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दल और कांग्रेस परेशान है, मोदी को हराने के लिए विरोधी एक हो रहे हैं और महागठबंधन बनाने की बात कर रहे हैं । इसके बावजूद वह मोदी जी के विजयी रथ को रोक नहीं पाएंगे और लगातार तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी । यह दौरान मंडल संवाद प्रभारी मुरलीधर सिन्हा ने बताया कि कार्यकर्ता किस प्रकार अपने बूथ को जीतकर चुनाव जीता जा सकता है और किस प्रकार अपने बूथ को मजबूत बनाया जा सकता है इन बातों के बारे में सिखाया गया । भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है । भाजपा संगठन के साथ आगे बढ़ती है उन्होंने कहा कि चुनाव के अंतिम लड़ाई बूथ स्तर पर ही लड़ी जाती है । ऐसे में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा का सम्बोधन कार्यकर्ताओं ने सुना और बूथ को मजबूत कर भाजपा एक बार फिर आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी । इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल महामंत्री द्वय मनोहर बघेल, दिलीप साहू, मंडल कोषाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, बिसेसर सिक्का, आरटीआई जिला संयोजक रूपेश साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप, बाबूलाल साहू भाजयुमो जिलामंत्री तुलसी राठौर, भाजयुमो महामंत्री पूलस्त शर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राकेश दुबे, प्रदीप शर्मा, मनोज निर्मलकर, सुनील पटेल, नैनसिंह नेताम, भोजलाल साहू, चवरसाय देवंशी, विष्णु देवंशी, संतोष यादव, हरीश यादव, सुखराम निर्मलकर, हनीफ खान, कौशिक पटेल, गोलू पांडे, सहित भाजपा मंडल मैनपुर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बरसात के मौसम में बीमारियों से रहें सावधान, मच्छर जनित रोगों की बढ़ जाती है संभावनाः डा. सुरेन्द्र गुर्जर आएमओ मुरैना

## बारिश में सर्दी, बुखार, खांसी व फंगल इंफेक्शन की हो सकती है समस्या

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

मुरैना। जून के अंत तक प्रायः देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून आ जाता है। हालांकि मानसून के शुरूआती दिनों में कभी धूप, कभी बारिश की स्थिति सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो जाती है। वातावरण में आर्द्रता की शुरूआत के साथ ही कई प्रकार के रोग भी पनपने शुरू हो जाते हैं। यह मौसम मच्छरों के प्रजनन के लिए भी काफी अनुकूल माना जाता है, जिसके कारण बरसात शुरू होते ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी कई तरह की मच्छर जनित बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। आरएमओ मुरैना डॉ. सुरेन्द्र गुर्जर ने बताया कि बदलते मौसम के मद्देनजर सभी लोगों को अपनी सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जरा सी भी लापरवाही बीमार कर सकती है। बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, वायरल बुखार, फंगल इन्फेक्शन, हेपेटाइटिस और टायफाइड जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

डॉ. गुर्जर ने बताया कि मानसून में कई तरह के मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि का खतरा काफी बढ़ जाता है। बारिश के दिनों में गड्ढों में भरे हुए पानी को मच्छरों के प्रजनन के लिए काफी उपयुक्त माना जाता है। इस मौसम में संक्रमित मच्छरों के काटने के कारण मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। ये दोनों ही बीमारियां गंभीर स्थिति में पहुंचने पर जानलेवा भी हो सकती हैं। इसलिए इनसे बचाव के लिए मच्छरों को पनपने से रोकना चाहिए। घर के आसपास जल जमाव नहीं होने देना चाहिए। सोते समय



मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। बुखार, उल्टी, दस्त जैसी समस्या होने पर अपने मन से दवा नहीं लेनी चाहिए, बल्कि निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की सलाह से ही दवाईयों का सेवन करना चाहिए।मानसून में सबसे प्रमुख बीमारियों में से एक आम सर्दी यानि कॉमन कोल्ड है। यह नम और उमस भरे मौसम में पनपने वाले वायरस की वजह से होता है। लंबे समय तक गीले कपड़े पहनने या लगातार बारिश के पानी में भीगने से सर्दी, बुखार, खांसी व फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। बरसात के मौसम में तापमान में होने वाला भारी उतार-चढ़ाव शरीर को बैक्टीरिया और वायरल संक्रमण के लिए अतिसंवेदनशील बना देता है। यह मौसमी सर्दी और फ्लू का कारण बन सकता है। सर्दी और फ्लू का जोखिम कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों में अधिक देखा जाता है। इनसे बचने के लिए बाहर जाते समय अपने साथ कपड़ों का एक अतिरिक्त जोड़ा रखें। एयर कंडीशनर के बजाय ताजी हवा में रहें। ताजे फल और सब्जियां खाएं तथा अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करें।

**हेपेटाइटिस-ए, डेंगू और टायफाइड से रहें सावधान**-आरएमओ डॉ. सुरेन्द्र गुर्जर ने बताया कि हेपेटाइटिस-ए मुख्यतः दूषित भोजन या पानी के कारण होता है जो लिवर को प्रभावित करता है। इसके कारण बुखार, उल्टी, शरीर पर दाने आदि हो सकते हैं। पर्याप्त साफ-सफाई न होने के कारण हेपेटाइटिस-ए का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए स्वच्छता का खास ध्यान रखना बहुत जरूरी है। टाइफाइड का भी मुख्य कारण दूषित पानी होता है। बारिश के मौसम में पानी इकट्ठा हो जाने से पैदा हुए मच्छर व गंदगी की वजह से टाइफाइड की बीमारी होती है। टाइफाइड का बुखार बैक्टीरिया संक्रमित लोगों के मल-मूत्र के जरिए दूसरे लोगों में ट्रांसफर हो सकता है। टाइफाइड और हेपेटाइटिस-ए से बचाव के लिए साफ पेयजल का सेवन करें। यदि पेयजल सुरक्षित न हो तो इसे उबालकर पीना चाहिए। बरसात के मौसम में पिछले कुछ वर्षों में डेंगू का सबसे ज्यादा प्रकोप रहा है। यह बीमारी एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलती है। सिरदर्द, थकान, जो?ों में दर्द, प्लेटलेट्स कम होना आदि डेंगू के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इलाज कराना चाहिए।

# आईपीएस शैलेन्द्र सिह चौहान के कड़े निर्देश

## जमीन जुताई सम्बधी मामलों में लापरबाही व लडाई झगड़े फायरिग हुई तो नपेंगे बीट प्रभारी...

**केशब पडित जी अम्बाह**

मुरैना... एक पत्रकार बार्ता मे आईपीएस शैलेन्द्र सिह चौहान ने बताया कि मे काम पर विश्वाश करता हू न



कि बादो पर जो प्रभारी अपने कामो पर खरे उतरेगे उन्हें पुरूस्कृति किया जावेगा और अगर कही भी किसी प्रकार की किसी प्रभारी किसी गुण्डे मबाली के साथ शौहरत पायी गई या किसी सम्बधित कर्मचारी की कमी पाई गई तो प्रभारी पर कारबाही निश्चित है और अभी बरषात का मौसम है किसानो की जुताई बुबाई चालू है और यह महीना जमीन सम्बधी मामलो का जुताई करते समय किसान मेड तोडने पर झगडे होते है और नोबत फायरिग तक पहुच जाती है अगर ऐसे मामलो की शिकायत मिले तो तुरन्त एक्सन ले और आपसी समझौता कराकर बाउन्डोबर कर अपनी अपनी बीट मे सभी बीट प्रभारी कडी नजर रखे अगर जिसकी बीट मे कोई घटना घटी जैसे लाठी फरसा फायरिंग की शिकायत मिली तो कारबाही निश्चित है इस पर विषेश ध्यान रखे और जहाँ जहाँ जिस बीट में ऐसे अपराधो में गिराबट मिली वह प्रभारी इनाम के हकदार होगे वहाँ बीट प्रभारियों को प्रसंसा पत्र से पुरूस्कृति किया जावेगा जिस बीट मे जिसकी डूयुटी लगी है वहाँ के जिम्मेदार व्यक्ति फोन नम्बर नोट कर सम्बंधित अधिकारी को जानकारी दे और सभी थाना प्रभारियो को निर्देसित किया गया है कि समय समय पर बैको पर नजर रखे जहाँ जहाँ एटीएम लगे है एटीएम बदल कर पैसे निकलना व थैलो मे रखे पैसा को चकमा देकर लूटने जैसी घटनाओ पर नजर रखे और शराब ठेको के आस पास शराब पीता कोई भी नजर आये तो उन्है पुलिस के तरीका से खदेडे जिससे भविष्य मे कोई आस पास न दिखे और जिले अमन चैन शान्ति दिखे....

## अभिनेत्री चाहत पाण्डेय ने आम आदमी पार्टी कि सदयस्ता ग्रहण की

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**



दमोह। मध्यप्रदेश के दमोह शहर में रहने वाली चाहत पाण्डेय नें दिल्ली कार्यालय स्थित आम आदमी पार्टी कि सदयस्ता ग्रहण की।इनका कहना है कि आम आदमी पार्टी के कार्यो से प्रभावित होकर पार्टी कि सदस्यता ग्रहण कि है। अभिनेत्री चाहत पाण्डेय नथ, दुर्गा माता की छाया, तेनाली रामा, अलादीन, क्राइम पेट्रोल जैसे कई टीवी सीरियल में काम कर चुकी हैं और मुंबई में रहकर अपनी प्रतिभा से लोगों को आकर्षित कर रही है। दिल्ली कार्यालय में डॉक्टर संदीप पाठक ने चाहत पांडे को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाकर शपथ दिलाई। कार्यक्रम में दमोह जिला अध्यक्ष अनुभव गौतम, जिला सचिव बृजेश चौबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी निशेष जैन की विशेष उपस्थिति रही।

# एक वर्ष की उम्र में भगवान श्रीकृष्ण ने किया था महाबली तृणावर्त दैत्य का बधः आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। स्थानीय जबलपुर नाका अथाई रोड स्थित देव श्री रासबिहारी राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि जब भगवान मात्र एक वर्ष के थे तब उन्होने तृणावर्त नामक महाबली दैत्य का बध कर



उद्धार किया था एक दिन की बात है यशोदाजी अपने प्यारे लल्ला को गोद में लेकर दुलार रहीं थीं। सहसा श्रीकृष्ण चट्टान के समान भारी बन गये। वे उनका भार न सह सकीं। उन्होंने भार से पीड़ित होकर श्रीकृष्ण को पृथ्वी पर बैठा दिया। इसके बाद उन्होंने भगवान पुरुषोत्तम का स्मरण किया और घर के काम में लग गईं। तृणावर्त नाम का एक दैत्य था। वह कंस का निजी सेवक था। कंस की प्रेरणा से ही बवंडर के रूप में वह गोकुल में आया और बैठे हुए बालक श्रीकृष्ण को उड़ाकर आकाश में ले गया। उसने ब्रज-रज से सारे गोकुल को ढक दिया और लोगों की देखने की शक्ति हर ली। उसके अत्यन्त भयंकर शब्द से दसों दिशाऐं काँप उठीं। सारा ब्रज दो घड़ी तक रज और तम से ढका रहा। यशोदाजी ने अपने पुत्र को जहाँ बैठा दिया था, वहाँ जाकर देखा तो श्रीकृष्ण वहाँ नहीं थे। उस समय तृणावर्त ने बवंडर रूप से इतनी बालू उड़ा रखी थी कि सभी लोग अत्यन्त उद्विग्न और बेसुध हो गये थे। उन्हें अपना पराया कुछ भी नहीं सूझ रहा था। उस जोर की आँधी और धूल की वर्षा में अपने पुत्र का पता न पाकर यशोदा जी को बड़ा शोक हुआ। वे अपने पुत्र की याद करके बहुत ही दीन हों गयीं जैसे बछड़े के मर जाने पर गाय की जो दशा हो जाती है, वही दशा उनकी हो गयी। वे पृथ्वी पर गिर पड़ीं। बवंडर के शान्त होने पर जब धूल की वर्षा का वेग कम हो गया, तब यशोदाजी के रोने का शब्द सुनकर दूसरी गोपियाँ वहाँ दौड़ आयीं। नन्दनन्दन श्यामसुन्दर श्रीकृष्ण को न देखकर उनके हृदय में भी बड़ा सन्ताप हुआ, आँखों से आँसू की धारा बहने लगी। वे फूट-फूटकर रोने लगीं इधर तृणावर्त बवंडर रूप से जब भगवान श्रीकृष्ण को आकाश में उठा ले गया, तब उनके भारी बोझ को न संभाल सकने के कारण उसका वेग शान्त हो गया। वह अधिक चल न सका। तृणावर्त अपने से भी भारी होने के कारण श्रीकृष्ण को नीलगिरी की चट्टान समझने लगा। श्रीकृष्ण ने उसका गला ऐसा पकड़ा कि वह उस अद्भुत शिशु को अपने से अलग नहीं कर सका। भगवान ने इतने जोर से उसका गला पकड़ रखा था कि वह असुर निश्चेष्ट हो गया। उसकी आँखें बाहर निकल आयीं, बोलती बंद हो गयी तथा प्राण पखेरू उड़ गये और बालक श्रीकृष्ण के साथ वह ब्रज में गिर पड़ा वहाँ जो गोपिया इकट्ठी होकर रो रही थीं, उन्होंने देखा कि वह विकराल दैत्य आकाश से एक चट्टान पर गिर पड़ा और उसका एक-एक अंग चकनाचूर हो गया। ठीक वैसे ही, जैसे भगवान शंकर के बाणों से आहत हो त्रिपुरासुर गिरकर चूर-चूर हो गया था। भगवान श्रीकृष्ण उसके वक्षःस्थल पर लटक रहे थे। यह देखकर गोपियाँ विस्मित हो गयीं। उन्होंने झटपट वहाँ जाकर श्रीकृष्ण को गोद में ले लिया और लाकर उन्हें माता को दे दिया। बालक मृत्यु के मुख से सकुशल लौट आया। यद्यपि उसे राक्षस आकाश में उठा ले गया था, फिर भी वह बच गया। इस प्रकार बालक श्रीकृष्ण को फिर पाकर यशोदा आदि गोपियों तथा नन्द आदि गोपों को अत्यन्त आनन्द हुआ। वे कहने लगे- अहो यह तो बड़े आश्चर्य की बात है। देखो तो सही, यह कितनी अद्भुत घटना घट गयी। यह बालक राक्षस के द्वारा मृत्यु के मुख में डाल दिया गया था, परन्तु फिर जीता-जागता आ गया और उस हिंसक दुष्ट को उसके पाप ही खा गये। सच है, साधु पुरुष अपनी समता से ही सम्पूर्ण भयों से बच जाता है। हमने ऐसा कौन सा तप भगवान की पूजा प्याऊ पौसला, कुआँ बावली, बाग बगीचे आदि यज्ञ, दान अथवा जीवों की भलाई की थी, जिसके फल से हमारा यह बालक मर कर भी अपने स्वजनों को सुखी करने के लिए लौट आया अवश्य ही यह बड़े सौभाग्य की बात है।पाण्डु देश में सहस्राक्ष नाम के एक राजा थे। वे नर्मदा-तट पर अपनी रानियों के साथ विहार कर रहे थे। उधर से दुर्वासा ऋषि निकले, परन्तु उन्होंने प्रणाम नहीं किया। ऋषि ने शाप दिया तू राक्षस हो जा।जब वह उनके चरणों पर गिरकर गिड़गिड़ाया तब दुर्वासाजी ने कह दिया भगवान श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह का स्पर्श होते ही तू मुक्त हो जायगा वही राजा तृणावर्त होकर आया था और श्रीकृष्ण का संस्पर्श प्राप्त करके मुक्त हो गया।

# भिंड पुलिस ने 15 हजार रूपये का ईनामी बदमाश किया गिरफ्तार

## थाना देहात पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेडडी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह के नेतृत्व में 06 वर्ष पूर्व वर्ष 2017 में अटेर रोड पर मृतक विकाश शर्मा की हत्या का फरार 15000 रूपये के आरोपी को थाना देहात व सायबर सेल भिण्ड द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनांक 20/11/17 को मृतक विकाश शर्मा ट्रैक्टर से मिटटी लेकर गढ़पुरा जा रहा था जैसे ही वह अटेर रोड बालाजी नगर गली के मोड पर पहुंचा तभी वहां पर घात लगाये बैठे 8 आरोपीगणों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिस पर से थाना देहात पर अप. क्र. 605/17 धारा 302, 341, 294, 147, 148, 149 भादवि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के सभी आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किये जा चुके थे किन्तु एक आरोपी घटना दिनांक से फरार था। जिसे गिरफ्तार करने के लिये पुलिस उप महानिरीक्षक चम्बल जोन द्वारा 15 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। इसी तारतम्य में दिनांक 30/06/23 को मुखबिर की सूचना पर से थाना देहात पुलिस व सायबर सेल द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर उक्त ईनामी बदमाश को नई गल्ला मण्डी के पास भिण्ड पर घेराबन्दी कर पकड़ लिया गया।

**पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने थाना देहात पुलिस एवं सायबर सेल टीम की प्रशंसा की**-पूर्व का इतिहास उक्त हत्याकांड का सिलसिला वर्ष 1999 से पार्टी बन्दी को लेकर शुरू हुआ। वर्ष 1999 में फरियादी के परिजनों द्वारा उक्त आरोपी के पिता माताप्रसाद व ताउ तेजराम शर्मा की पावई के हार मे गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसी रंजिश को लेकर पुनः आरोपी के ताउ के लडके हरेन्द्र को ग्राम कन्हउनपुरा में निमंत्रण खाने के दौरान पिथनपुरा चौराहे पर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। उक्त तीन हत्याओं का बदला




लेने के लिये उक्त आरोपी ने फरियादी के परिवार के विकाश शर्मा की वर्ष 2017 में अटेर रोड पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। फरियादी के परिजनों द्वारा विकाश शर्मा की हत्या का बदला लेने के लिये वर्ष 2018 में पुनः तीसरी बार भारौली तिराहे पर आरोपी के परिजन राधे उर्फ फोसू शर्मा,अनिल शर्मा,हरिकृष्ण शर्मा, रामशरण शर्मा को गोली मार दी थी जिसमें राधे उर्फ फोसू व अनिल शर्मा की मृत्यु हो गयी थी। उक्त सराहनीय कार्य में देहात कोतवाली निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह,निरीक्षक उदयभान सिंह यादव,उपनिरीक्षक दीपेन्द्र यादव, शिवप्रताप राजावत,नीतेन्द्र मावई,एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर,सतेन्द्र यादव,महेश, सोनेन्द्र सिंह,गुरूदास सोही,सुमित तोमर, केशव भदौरिया,यतेन्द्र राजावत,आरक्षक आनन्द दीक्षित, ज्ञानेन्द्र मिश्रा,राहुल यादव,हरपाल,संदीप राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## देवभोगः नियमती करण व 62 वर्षो जी जॉब सुरक्षा की मांग को लेकर संविदा कर्मी 3 जुलाई से तो 24 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मी 4 जुलाई से जाएंगे हड़ताल में

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



नियमती करण व 62 वर्षो जी जॉब सुरक्षा की मांग को लेकर संविदा कर्मी 3 जुलाई से आंदोलन में जा रहे हैं।आज देवभोग जनपद में कार्यरत 15 कर्मियो ने जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान को लिखित ज्ञापन देकर इसकी सूचना दे दिया है।ज्ञापन में कहा गया है की कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में संविदा कर्मियों को नीयमती करण करने का वादा किया गया था।मांगे पूरी नही होने पर संविदा कर्मियों में निराशा बनी हुई है। स्वास्थ्य कर्मी 4 जुलाई से करेंगे आंदोलनद्वस्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने आज बीएमओ सुनील रेड्डी को ज्ञापन दिया है,ज्ञापन में बताया गया है की स्वास्थ्य कर्मचारियों के 24 सूत्रीय मांगो की पूर्ति आज तक सरकार ने नही किया है।प्रदेश संगठन के आव्हान पर संघ ने 4 जुलाई से अनिश्चित कालीन आंदोलन पर जाने का निर्णय लिया है। योजना का क्रियान्वयन वेंटिलेटर परट्ठ जनता से जुड़ी हितग्राही मूलक योजनाओं का ज्यादातर इन्ही दो विभागों से क्रियान्वन होता है ,क्रियान्वयन का बड़ा भार इन्ही कर्मियो के जिम्मे है, ऐसे में आंदोलन ज्यादा समय तक चला तो इस चुनावी सीजन में प्रभावित योजनाओं का सीधा खामियाजा सत्ता धारी संगठन को भुगतना पड़ सकता है।

# कांग्रेस नेता बरैया की जगह राजनीति में नहीं पागलखाने में है : डॉ रमेश दुबे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की मौजूदगी में फूल सिंह बरैया द्वारा भारतीय जनता पार्टी संगठन के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा और उनके पिता जी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर उन्होंने अपनी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित किया है यह कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति के माध्यम को यह प्रदर्शित करती है कि यह राजनैतिक वोटबैंक को ब?ाने का षड्यंत्र रचा कर बरैया को इस प्रकार के वक्तव्य दिलाये जा रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर निंदा करती है और आगामी मिशन 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता संगठित होकर फूल सिंह बरैया और कांग्रेस को मुंह तोड़ जवाब देकर केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देकर राष्ट्र को विकास की ओर ले जाकर आत्मनिर्भर बनाएगी।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ रमेश दुबे ने कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया की आपत्तिजनक टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की संस्कृति में हमेशा फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई जाती रही है, समाज विशेष के वोट के लिए फूल सिंह बरैया को जिस प्रकार सभाओं में इस्तेमाल कांग्रेस कर रही है यह कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा नुकसान साबित होगी और प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा एवं उनके पिताजी पर इस प्रकार का षड्यंत्र फूल सिंह बरैया ने रचकर पूरे प्रदेश को कलंकित करने का प्रयास किया है इस मंच पर पूर्व प्रतिपक्ष नेता राहुल भैया इस प्रकार के भाषणों से वह अपनी सहमति दर्ज करा रहे हैं, मैं पूछना चाहता हूं कांग्रेस के लोगों से क्या वो फूल सिंह बरैया के इस वक्तव्य से सहमत हैं या नहीं ये जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए और जनता से सामने माफी मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जी भी इसी तरह की भाषा बोल कर अपनी राजनीतिक



रोटियां सेकने का काम कर रहे हैं लेकिन ग्वालियर चंबल संभाग में भाजपा कार्यकर्ता अपनी सभी सीटों पर कमर कस कर कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार है। भाजपा नेता डॉ . दुबे ने कहा कि फूल सिंह बरैया को कांग्रेस बोटबैंक के ध्रुवीकरण के लिए इस प्रकार के वक्तव्य दिला कर समाज को तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा की कांग्रेस का नेता जो आज मर्यादा की सीमाओं को लांघकर जो ओझी मानसिकता से गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को उसके पिता के माध्यम से चुनौती के इस वक्त आपसे संपूर्ण सर्व समाज को भी अपमानित करने का प्रयास किया गया है। कांग्रेस के उन कद्दावर नेताओं को आगाह करना चाहता हूँ कि वह अपने शीर्ष नेतृत्व से इसकी ओझी मानसिकता को अवगत कराये कि इसका यह कृत्य क्षमा योग्य नहीं है, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की उपस्थिति में मर्यादाओं की सीमाओं को लांघ कर सोची समझी जो साज़िश फूल सिंह बरैया ने की है वह सभ्य समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि इस तरह के व्यक्तियो की सोच और मानसिकता से ग्रसित होकर या प्रभावित होकर कांग्रेस जनता के बीच जाना चाहती है तो यह निश्चित है कि कांग्रेस पार्टी इसी तरह की मानसिकता और ओझी मानसिकता का समर्थन करती हैं यह संदेश जनता को समझते देर नही लगेगी और यह तय है सभी समाज के लोगों में यह संदेश जाना तय हो जायेगा कि राजनीति के मैदान में इस विकृत और ओछी मानसिकता वाले व्यक्ति को पार्टी जनता के बीच में भेज कर अपना चरित्र प्रदर्शित करने का कार्य कर रहीं हैं मै समाज के बुद्धिजीवीजन से अपील करता हूँ कि जो नेता इस ओझी मानसिकता के व्यक्ति के साथ खडा दिखाई दे उसका बहिष्कार करो क्योंकि यह वही व्यक्ति हैं जिसने बुंदेलखंड का गौरव महारानी लक्ष्मीबाई के लिए अपशब्द का प्रयोग किया था मेरी सरकार से भी मांग है इस घृणित सोच वाले व्यक्ति को ऐसा दण्ड दे ताकि इसको सबक मिल सके। सर्वविदित है राजनीति में हमारे चंबल अंचल के ऐसे ऐसे कद्दावर नेता हुए हैं और अभी वर्तमान में है जिन्होंने अपनी योग्यता और कुशलता का लौहा देश प्रदेश में मनवाया और राजनीति की वह इबारत और मिशाल पेश की जिसको सभी सदैव याद व अनुसरण करते हैं । राजनैतिक व्यक्ति विशेष की कार्यप्रणाली और उसकी जनता के बीच स्वयं की छवि से संचालित और टिकी रहतीं है इसमें माता पिता भाई बहिन पत्नी बच्चों का स्थान सीमित रहता है मगर जब राजनीति में पिता के गौरव को माता की गरिमा और परिवार के स्वाभिमान को ललकारा जाये तो यह कहां तक ठीक है यदि समाज का बुद्धिजीवी वर्ग मेरी विचारधारा से सहमत हो तो हमारा आपसे निवेदन है कि आप समाज में ओझी मानसिकता वाले व्यक्तियो को जनमत के माध्यम से मुंहतोड़ जवाब दें।

# विदेशी मीडिया पर भी छुई-मुई मोदी भक्त!

**समसामयिकः** पत्रकार की ड्यूटी है कि वह प्रधानमंत्री या किसी भीराजनेता से सवाल पूछे। मुद्दो पर सवाल-जवाब हो।



■ रजनीश कपूर

अमेरिका के प्रसिद्ध अखबार 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की पत्रकार सबरीना सिद्दीकी ने प्रधान मंत्री मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान उनसे भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर सवाल पूछा था। इस सवाल को लेकर मोदी समर्थकों ने उनका ऑनलाइन उत्पीड़न शुरू कर दिया है।

एक स्वस्थ लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका होती है। समय-समय पर पत्रकार सत्तारूढ़ दल और सरकार से राष्ट्रहित के सवाल पूछते रहते हैं। वहीं सरकार भी समय-समय पर अपनी उपलब्धियों के विषय में प्रेस वार्ता करती रहती है। जब कभी ऐसी प्रेस वार्ता होती है तो सहज व असहज दोनों तरह के सवाल पूछे जाते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से, देश और विदेश में, सवाल पूछने वाले पत्रकारों के साथ जो कुछ भी हुआ है उससे तो यही प्रश्न उठता है कि क्या सरकार से सवाल पूछे जाएँ या न पूछे जाएँ? और पूछे जाएँ तो क्या पूछे जाएँ?

ताज़ा मामला प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से अमरीका के एक पत्रकार द्वारा पूछा गए सवाल का है जिसके लिये वो मोदी समर्थकों की निंदा का पात्र बनी है। अमेरिका के प्रसिद्ध अख़बार 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' की पत्रकार सबरीना सिद्दीकी ने प्रधान मंत्री मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान उनसे भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर सवाल पूछा था। इस सवाल को लेकर मोदी समर्थकों ने उनका ऑनलाइन उत्पीड़न शुरू कर दिया है। इस मामले ने इतना तूल पकड़ा की व्हाइट हाउस को भी उस महिला पत्रकार के समर्थन में बयान जारी करना पड़ा और ट्रोल आर्मी की भर्त्सना करनी पड़ी।

यहाँ सवाल उठता है कि क्या किसी



पत्रकार को किसी भी देश के प्रधान मंत्री या अन्य राजनेता से सवाल पूछने का हक़ है या नहीं? क्या किसी पत्रकार को अपना काम करने के लिए या प्रश्न पूछने के लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी? क्या किसी पत्रकार को सवाल पूछे जाने के बाद नेता या दल के समर्थकों द्वारा ट्रोल होने के डर से, उस नेता से सवाल पूछने से पहले कई बार सोचना होगा?

सबरीना सिद्दीक़ी के अल्पसंख्यक वाले सवाल पर मोदी समर्थकों द्वारा उसके पाकिस्तानी माता-पिता को लेकर सोशल मीडिया में बवाल मचा हुआ है। जबकि यह अलग बात है कि सबरीना का जन्म 1986 में अमरीका में ही हुआ। वह 24 साल की उम्र से ही ब्लूमबर्ग न्यूज, गार्जियन, सीएनएन व अन्य कई जाने-माने मीडिया समूह के साथ काम कर चुकी हैं। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने सोशल मीडिया में सबरीना के उत्पीड़न को लेकर कहा कि, हम (सबरीना सिद्दीकी) के उत्पीड़न की रिपोर्ट्स से अवगत हैं। ये स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि, व्हाइट हाउस कहीं भी और किसी भी परिस्थिति में पत्रकारों के साथ होने वाले उत्पीड़न की निंदा करता है।पत्रकारों का उत्पीड़न करना लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ है।

जहां एक ओर अमेरिका की सरकार है जो पत्रकारों के समर्थन में उतरती है वहीं एक ओर सत्ता के नशे में चूर भारत के कुछ नेता हैं जो एक स्थानीय पत्रकार को सवाल पूछने पर नौकरी से निकलवा देते हैं। क्या यह स्वस्थ लोकतंत्र के लक्षण हैं? आपको याद होगा कि कुछ हफ़्तों पहले अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के समय केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से जब एक स्थानीय पत्रकार ने एक साधारण सा सवाल किया तो मंत्री जी को इतना बुरा लगा कि उस पत्रकार को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। यहाँ पर सवाल उठता है कि यदि स्मृति ईरानी को पूछे जाने वाला सवाल असहज था तो वे उस सवाल को टाल सकती थीं। या फिर 'सॉरी नो कमेंट्स' कह सकती थीं। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया बल्कि खुलेआम उस पत्रकार को धमका दिया और उस मीडिया समूह के मलिक से बात करने तक की बात कह डाली। देश भर के मीडिया सर्किल में इसकी काफ़ी निंदा हुई है। आज मीडिया हमारे दैनिक जीवन का एक मुख्य हिस्सा है।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

## समाचार विश्लेषण : अमेरिका पहुंचने का लंबा इंतजार

सैकड़ों अफगान ऐसे हैं जो संकटपूर्ण स्थिति में हैं और कुछ अल्बानिया में काम की तलाश में हैं। उन्हें उम्मीद है कि एक दिन वह अमेरिका पहुंच पाएंगे और लंबी कागजी कार्रवाई के बावजूद एक नया जीवन शुरू कर पाएंगे। हर दिन ऐसे लोग स्वदेश में अपने परिवार को लेकर चिंतित रहते हैं।

सैकड़ों अफगान ऐसे हैं जो संकटपूर्ण स्थिति में हैं और कुछ अल्बानिया में काम की तलाश में हैं। उन्हें उम्मीद है कि एक दिन वह अमेरिका पहुंच पाएंगे और लंबी कागजी कार्रवाई के बावजूद एक नया जीवन शुरू कर पाएंगे।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद देश से भागने वाले कई लोग अभी भी गंभीर मानसिक तनाव और समस्याओं का सामना कर रहे हैं। विदेशी धरती पर भी उनका संघर्ष खत्म नहीं हुआ है। करीब दो साल पहले फिरोज माशूफ अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से बचने के लिए देश छोड़ कर भाग गए थे, लेकिन इतने समय बाद भी उनका काबुल में बिताया आखिरी दिन उन्हें परेशान करता रहता है। उन्हें आज भी याद है कि कैसे उन्होंने एयरपोर्ट तक के लिए बस ली, लोगों से ठसाठस भरे विमान में जगह पाई और शहर का गोलियों की आवाज से दहल जाना।

फिरोज कहते हैं, जब कतर एयरवेज की फ्लाइट ने उड़ान भरी, तो मैंने काबुल के चारों ओर की पहाड़ियों और उदास सूर्यास्त को देखा। 35 साल के फोटो पत्रकार और अफगान फुटबॉल महासंघ के पूर्व कर्मचारी फिरोज आज अपनी मातृभूमि से हजारों किलोमीटर दूर अल्बानिया में हैं। वे हर गुजरते दिन के साथ अमेरिकी वीजा का उत्सुकता से इंतजार करते हैं, वह वीजा जिसका वादा अमेरिका ने किया था। हर बीतते दिन के साथ उनकी उम्मीदें धूमिल होती जा रही हैं और अमेरिका में नई शुरुआत के उनके सपने टूटते जा रहे हैं।

सैकड़ों अफगान ऐसे हैं जो संकटपूर्ण स्थिति में हैं और कुछ अल्बानिया में काम की तलाश में हैं। उन्हें उम्मीद है कि एक दिन वह अमेरिका पहुंच पाएंगे और लंबी कागजी कार्रवाई के बावजूद एक नया जीवन शुरू कर पाएंगे। हर दिन ऐसे लोग स्वदेश में अपने परिवार को लेकर चिंतित रहते हैं। अल्बानिया की राजधानी तिराना से 70 किलोमीटर दूर एक शहर शेंगजिन में अस्थायी कैंपों में रहने वाले सैकड़ों अफगान हैं, जिनमें फिरोज भी शामिल हैं, फिरोज ने वहां से करीब एक घंटे की दूरी पर स्थित एक मॉल में नौकरी पाई है। फिरोज यह भी सोचकर डरे हुए हैं कि शायद उन्हें भुला दिया जा सकता है। क्योंकि उनका परिवार अभी हेरात में रह रहा है। फिरोज को उम्मीद थी कि वह जल्द अमेरिका पहुंच सकेंगे और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकेंगे। फिरोज कहते हैं, ?मैं बच गया था। मुझे अमेरिका में एक नया जीवन शुरू करना है। लेकिन कब? अगस्त 2021 में तालिबान ने काबुल पर कब्जा कर लिया था। दो दशक तक अमेरिका समर्थित अफगान सरकार अफगानिस्तान में रही, लेकिन विदेशी सैनिकों की वापसी के साथ ही इस सरकार का पतन हो गया। तालिबान ने तो पहले कई उदारवादी वादे किए लेकिन समय के गुजरने के साथ देश में सबसे सख्त शरिया कानून लागू किया और अफगानिस्तान में लड़कियों को माध्यमिक शिक्षा के अधिकार से वंचित कर दिया गया है।

अफरातफरी के माहौल में अमेरिकी सेना की वापसी के दौरान अमेरिका ने फैसला किया था कि जिन लोगों ने अमेरिकी सरकार, अमेरिकी सेना या अमेरिकी मीडिया के लिए काम किया, उन सब लोगों को वापस ले जाया जाएगा। लेकिन ऐसे अफगान हैं जो यह कहते हैं कि उन्हें उत्पीड़न का खतरा है उनके लिए वीजा की प्रक्रिया लंबी हो गई है। एड्रियाटिक सागर से लगे पर्यटक रिसॉर्ट्स में 3,200 से अधिक अफगान ठहरे हुए हैं।

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## कर्नाटकः बदले की राजनीति

लोकतंत्र में राजनेता चाहे वे कितने ऊंचे पद पर हों, सिद्धांततः वे जनता के सेवक होते हैं। बहरहाल, इस सोच को अब सिर के बल खड़े कर दिया गया है और उसका खामियाजा कर्नाटक को भुगतना पड़ रहा है।

*कर्नाटक सरकार की इस बात के लिए तारीफ की जाएगी कि चावल खरीद में केंद्र की ओर से डाली रुकावट को उसने अपने चुनावी वादे को पूरा ना करने का बहाना नहीं बनाया। खुले बाजार से खरीदारी की उसकी पहल पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 34 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से चावल देने का निर्णय लिया था। बाद में साफ तौर पर केंद्र के दबाव के कारण एफसीआई इसे वादे से मुकर गई। तो अब कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे की आबादी को पांच किलो चावल के बदले उतने चावल की कीमत के बराबर की रकम सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर करने का फैसला किया है। वैसे सीधे अनाज देने का अलग अर्थशास्त्र होता है। उससे जहां लाभार्थी तबकों को राहत मिलती है, वहीं उससे बाजार में अनाज की कीमत नियंत्रित होती है, जबकि किसानों के लिए उपज बढ़ाने की परिस्थितियां बनती हैं। ट्रांसपोर्ट आदि पर होने वाले खर्च से अर्थव्यवस्था में अधिक रकम पहुंचती है, जिसका अतिरिक्त मांग पैदा करने में योगदान होता है। जबकि सीधे दी गई रकम का संबंधित परिवार के मुखिया दुरुपयोग भी कर सकते हैं। फिर इसका बिना उत्पादकता बढ़ाए मुद्रास्फीति बढ़ाने में योगदान हो सकता है।*

*लेकिन आज की केंद्र सरकार के संचालक इतनी गहरी और दूरदृष्टि से सोचने की जरूरत महसूस नहीं करते। उनके लिए राजनीतिक लाभ और राजनीति बदला सर्वोपरि है। गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान ही कह दिया था कि अगर भाजपा हारी, तो कर्नाटक के लोग प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से वंचित हो जाएंगे। इस तरह उन्होंने राज्य व्यवस्था को एक व्यक्ति का समानार्थी बताने की खुलेआम कोशिश की थी। ऐसा सिर्फ तानाशाही व्यवस्थाओं में किया जाता है। लोकतंत्र में राजनेता चाहे वे कितने ऊंचे पद पर हों, सिद्धांततः वे जनता के सेवक होते हैं।*

## भेदभाव बेपर्द हुआ

क्रिकेट में मौजूद भेदभाव के मुद्दे पर सिर्फ ईसीबी को कोसने का कोई लाभ नहीं है। ऐसी ही जांच भारत या किसी अन्य देश में कराई जाए, तो वहां भी मिलते-जुलते निष्कर्ष ही सामने आएंगे। क्या ये तमाम देश भी अपने सच का सामना करेंगे?

*इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का क्रिकेट में भेदभाव और पूर्वाग्रहों के शिकार हुए लोगों से सार्वजनिक माफी मांगना एक स्वागतयोग्य कदम है। बोर्ड ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया, उसकी जांच कराई और जांच रिपोर्ट को स्वीकार किया, इसे भी एक सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा। लेकिन यह भी उतना ही अहम है कि लंबे समय से जारी इस भेदभाव के लिए माफी मांग लेना भर काफी नहीं है। असल सवाल है कि क्या अब ऐसे उपाय किए जाएंगे, जिनसे भविष्य में ऐसे तमाम भेदभाव पर रोक लग सके? यह निर्विवाद है कि इंग्लैंड में क्रिकेट संचालन में मौजूद भेदभाव के बारे में आई जांच रिपोर्ट ने ईसीबी को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इस रिपोर्ट ने यह जग-जाहिर कर दिया है कि इंग्लिश क्रिकेट में पूर्वाग्रह भरे-पड़े हैं और उन्हें अब छिपाना संभव नहीं है। ईसीबी ने इंग्लैंड के क्रिकेट में संस्थागत भेदभाव के आरोपों की जांच के लिए कमीशन फॉर इक्विटी इन क्रिकेट का गठन किया था। मोटे तौर पर आयोग ने अपनी रिपोर्ट में वही बातें कही हैं, जिनकी तरफ दशकों से ध्यान खींचा जा रहा था। रिपोर्ट ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि इंग्लिश क्रिकेट में महिलाओं, अश्वेत लोगों और गरीब पृष्ठभूमि से आए लोगों के साथ भेदभाव होता है।*

*यह भेदभाव कई पीढ़ियों से जारी है। आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि श्वेत पुरुष कप्तानों, कोच और ईसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने ऐसी शिकायतों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट से एक खास तथ्य यह सामने आया कि इंग्लैंड में क्रिकेट का ढांचा मूल रूप से आज भी अभिजात्यवादी है। वहां पुरुष श्वेत क्रिकेटरों में 58 प्रतिशत ऐसे हैं, जिनकी पढ़ाई-लिखाई महंगे प्राइवेट स्कूलों में हुई है, जबकि ब्रिटेन की कुल आबादी में ऐसे लोगों की संख्या सिर्फ सात प्रतिशत है। यानी इसे किसी भी रूप में आमजन का खेल आज भी नहीं कहा जा सकता। बहरहाल, इस मुद्दे पर सिर्फ ईसीबी को कोसने का कोई लाभ नहीं है। ऐसी ही जांच भारत या किसी अन्य देश में कराई जाए, तो वहां भी मिलते-जुलते निष्कर्ष ही सामने आएंगे। क्या ये तमाम देश भी सच का सामना करेंगे?*



■ अशोक 'प्रवृद्ध'

**मान्यता है कि चातुर्मास की अवधि के दौरान किसी भी जीवन रूप को मारने से संतों को नुकसान हो सकता है। तदनुसार वे अपने आंदोलनों को प्रतिबंधित करते हैं। इस काल में भूमि शयन, ब्रह्म बेला में उठकर स्नानादि कार्य से निवृत हो ईश्वरभक्ति, वेदपाठ, भजन- कीर्तन, मौन व्रत पालन, एक समय भोजन आदि कार्य शुभ माने गये हैं। विवाह संस्कार, जातकर्म संस्कार, गृह प्रवेश आदि सभी मंगल कार्य पूर्णतः निषेध माने गये हैं। पौराणिक मान्यतानुसार चौमासा में किये गये शुभ कार्य का फल प्राप्त नहीं होता है।**

# विष्णु की योग निद्रा का चातुर्मास



**30 जून- चातुर्मास प्रारम्भ**

भारतीय पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी से प्रारंभ होकर कार्तिक शुक्ल एकादशी तक चलने वाली चार माह की अवधि चातुर्मास कहलाती है। चातुर्मास को चौमासा भी कहा जाता है। वर्ष के चार मास मुख्यतः अर्द्ध आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विकन और अर्द्ध कार्तिक चातुर्मास कहलाते हैं। भारतीय संस्कृति में व्रत, भक्ति और शुभ कर्म के लिए प्रसिद्ध व पवित्र इन चार महीनों को चातुर्मास कहा गया है। चातुर्मास का प्रारंभ आषाढ़ शुक्ल एकादशी अर्थात देवशयनी एकादशी से होता है और अंत कार्तिक शुक्ल एकादशी को देवोत्थान एकादशी से। ध्यान और साधना करने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण चातुर्मास काल में मनुष्य की शारीरिक और मानसिक स्थिति तो स्वस्थ, सबल होती ही है, वातावरण भी अच्छा रहता है। लेकिन इन चार माह के समय जहां मनुष्य की पाचनशक्ति कमजोर पड़ने लगती है, वहीं भोजन और जल में बैक्टीरिया की तादाद भी बढ़ जाती है। इसलिए चातुर्मास के आरम्भ के पहले सम्पूर्ण मास में व्यक्ति के लिए व्रत का पालन करना सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। चातुर्मास काल में विवाह संबंधी कार्य, मुंडन विधि, नाम करण आदि शुभ, मांगलिक कार्य वर्जित हैं, लेकिन इन दिनों भागवत कथा, रामायण, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या एवं सत्य नारायण की पूजा आदि धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न किये जाते हैं।

चातुर्मास का हिन्दू के साथ ही अन्य धर्मों में भी महत्वपूर्ण स्थान है। हिन्दू धर्म में चौमासे में आने वाले अनेक महत्वपूर्ण पर्व -त्यौहार व अनुष्ठान विधिपूर्वक सम्पन्न किये जाते हैं। जैन धर्म में चौमासे के महत्व का पता इसी से चल जाता है कि आबाल, वृद्ध स्त्री- पुरुष सभी जैनी चातुर्मास काल में मंदिर जाकर विविध प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, सत्संग में भाग लेते हैं। गुरुवरों एवं आचार्यों द्वारा सत्संग किये जाते हैं। एवं मनुष्यों को सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित किया जाता हैं। बौद्ध धर्म में भी चातुर्मास का विशेष महत्व है। गौतम बुद्ध के चौमासा की अवधि में राजगीर के राजा बिम्बिसार के शाही उद्यान में ठहरने की कथा अत्यंत प्रसिद्ध है। बौद्धों में अहिंसा का बहुत महत्व है। उष्ण कटिबंधीय जलवायु में बड़ी संख्या में कीट उत्पन्न होते हैं, जो यात्रा करने वाले भिक्षुकों द्वारा कुचल जाते हैं। यही कारण है कि साधु व बौद्ध गुरु बरसात में किसी एक स्थान पर रूक जाते हैं, और आमजन को सदुपदेश दिया करते हैं। साधु- संत चातुर्मास की अवधि में हिंसा करने से बचने की कोशिश करते हैं। ऐसा वे जीवन के किसी भी रूप को नुकसान पहुंचाने से बचने के लिए करते हैं। बरसात के मौसम को कीड़ों के प्रजनन का समय माना जाता है।

मान्यता है कि चातुर्मास की अवधि के दौरान किसी भी जीवन रूप को मारने से संतों को नुकसान हो सकता है। तदनुसार वे अपने आंदोलनों को प्रतिबंधित करते हैं। इस काल में भूमि शयन, ब्रह्म बेला में उठकर स्नानादि कार्य से निवृत हो ईश्वरभक्ति, वेदपाठ, भजन- कीर्तन, मौन व्रत पालन, एक समय भोजन आदि कार्य शुभ माने गये हैं। विवाह संस्कार, जातकर्म संस्कार, गृह प्रवेश आदि सभी मंगल कार्य पूर्णतः निषेध माने गये हैं। पौराणिक मान्यतानुसार चौमासा में किये गये शुभ कार्य का फल प्राप्त नहीं होता है। इसलिए इस काल में कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। सनातन समाज में पालन किये जाने वाले कुछ नियम के कारण भी इसमें कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इस काल में किसी प्रकार के कोई भी मुहूर्त नहीं निकाले जाते है। यहां तक कि समाज के पुरोहित भी इस काल में कोई भी शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त निकालने से मना कर देते हैं। इस काल में नशीले पदार्थों का सेवन भी वर्जित है।

चातुर्मास की शुरूआत देवशयनी एकादशी से होती है, जो इस वर्ष 2023 में 29 जून को पड़ रही है, और इसकी समाप्ति 23 नवंबर को कार्तिक मास की एकादशी पर खत्म होगी। इस बीच सभी शुभ कार्य जैसे शादी समारोह आदि कार्य नहीं किये जाते हैं। क्योंकि उस समय विष्णु भगवान अपनी निद्रा में होते हैं। इसलिए चातुर्मास शुरू होने पर इनकी पूजा की जाती है, और उनके निद्रा से उठने पर ही शादी आदि मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। चौमासा के सभी माह त्योहारों से भरे होते हैं। चौमासा के समाप्त होते ही शादी, मुंडन आदि धार्मिक कार्य शुरू हो जाते हैं। देव उठनी एकादशी से ही विवाह कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। इस दिन देवी तुलसी का विवाह होता है। कहीं- कहीं इसे छोटी दीवाली भी कहा जाता है।

चातुर्मास के सम्बन्ध में प्रचलित पौराणिक कथा के अनुसार एक बार योगनिद्रा ने भगवान विष्णु की कठोर साधना की, और विष्णु को प्रसन्न कर लिया। प्रसन्नतापूर्वक मंद- मंद मुस्कुराते भगवान विष्णु से वह बोली- आपने सभी को अपने अंदर स्थान दिया है। मुझे भी अपने अंगों में स्थान देने की कृपा करें। लेकिन विष्णु के शरीर में कोई भी ऐसा स्थान नहीं था जहां वह योगनिद्रा को स्थान दे सकें। उनके शरीर में शंख, चक्र, शार्गधनुष व असि बाहुओं में अधिष्ठित हैं, सिर पर मुकुट है, कानों में मकराकृत कुण्डल हैं, कन्धों पर पीताम्बर है, नाभि के नीचे के अंग वैनतेय (गरुड़) से सुशोभित है। ऐसे में विष्णु के पास सिर्फ नेत्र ही बचे थे, जिसमें वे किसी को स्थान दे सकते थे। इसलिए विष्णु ने योगनिद्रा को अपने नेत्रों में रहने का स्थान दे दिया और कहा कि तुम चातुर्मास के चार मास तक मेरे नेत्रों में ही वास करोगी। उसी दिन से भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी तक निद्रा अवस्था में रहते हैं। और इन चार मासों को चातुर्मास्य कहा जाता है। जिसमें सभी देवता प्रसुप्त अवस्था में रहते हैं। इसलिए इस काल को देवताओं के शयन का काल भी कहा जाता है। इसी कारण इन चार महीनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता।

एक अन्य पौराणिक मान्यतानुसार चातुर्मास की अवधि में ही आषाढ़ के महीने में भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतार लिया था, और राजा बलि से तीन पग में सारी सृष्टि ही दान में ले ली थी। उन्होंने राजा बलि को उसके पाताल लोक की रक्षा करने का वचन दिया था। इसीलिए श्रीविष्णु अपने समस्त स्वरूपों से राजा बलि के राज्य की पहरेदारी करते हैं। मान्यता है कि इस अवस्था में भगवान विष्णु निद्रा में चले जाते हैं। एक अन्य मान्यता के अनुसार चातुर्मास के इन चार महीनों में भगवान शिव धरती का कार्य भार संभालते हैं। इसीलिए चार्तुमास में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना किये जाने की परिपाटी है। इन चार महीनों मे भगवान शिव पृथ्वी का भ्रमण करते हैं। इन चार महीनों में भगवान शिव की पूजा - अर्चना करने वाले व्यक्तियों को शिव का विशेष आर्शीवाद प्राप्त होता है। देवशयनी एकादशी से विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इसके बाद भगवान विष्णु कार्तिक मास की एकादशी पर जाग्रत अवस्था में आते हैं। भगवान शिव के भक्तों का प्रिय मास श्रावण भी चातुर्मास की अवधि में ही आता है।

मान्यतानुसार सावन के महीने में भगवान शिव की उपासना होने से उनकी कृपा सरलता से मिलती रहती है। श्रावण मास के सोमवार को भक्तों द्वारा शुभ माना जाता है। इसलिए शिवभक्त इस अवधि के दौरान उपवास के लिए विशेष तैयारी करते हैं। इस वर्ष 2023 में चातुर्मास की अवधि में ही श्रावण मास में अधिकमास भी पड़ रहा है। श्रावण मास अधिकमास होने के कारण इस वर्ष दो महीने के बराबर सावन मास होगा और तिथि के अनुसार उनसठ दिनों का यह सावन होगा। अधिकमास को पुरुषोतम मास भी कहा जाता है। अधिकमास तीन वर्ष में एक बार आता हैं, एवं गणना में अनुसार वह किसी भी महीने में आ जाता हैं। इस अधिक मास का भी चौमासा के समान ही महत्व है। इस वर्ष 2023 में कई वर्षों के बाद श्रावण मास में अधिकमास पड़ रहा है। इसलिए इस सावन का महत्व और अधिक बढ़ गया हैं।



# खेत की मेड़ जैसी शहर कि कॉलोनी कि सड़कें, पैदल निकलना भी हुआ मुश्किल

## कॉलोनी वासियों में रोष, कॉलोनाइजर पर रोड नाली ना बनाने के लगाये गंभीर आरोप

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। बरसात के दिनों में शहर से सटी कॉलोनी में निवास करने वाले लोगों में रोड नाली ना होनें के कारण कॉलोनी में इक्कठा होकर नारे बाजी की,उनका कहना था कि लगभग 5साल से सभी लोग निवास कर रहे है लेकिन कॉलोनी में रोड नाली ना होने के कारण बरसात के दिनों में काफी दिक्कतों का सामना करना प?ता है, कॉलोनी के चारों तरफ कि सड़के और नाली अभी तक नहीं बनाई



जिससे लोगों को कठनाईयों का सामना करना पड़ता है जबकि कॉलोनी में लगभग 50 परिवार निवास करते है,और सभी निवासियों नें कॉलोनी मालिक को रोड नाली निर्माण के लिए विकास शुल्क के नाम पर 50हजार हर परिवार कि ओर से जमा करा लिया गया लेकिन सुविधा मुहैया अभी तक नहीं हुई। बच्चों को स्कूल जाने के ऑटो वालो नें कॉलोनी के अंदर आने से मना कर दिया जिससे बच्चों को छोड़ने के लिए 2किलोमीटर दूर जाना प?ता है वैसा ही हाल दूध वालो और अन्य फेरी वालो का है, एक हफ्ते के अंदर कॉलोनी वासियों कि बात नहीं मानी गयी तो आगामी दिनों में सभी लोग धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन कि होंगी। इस दौरान विरोध करने वाले लोगों में जितेंद्र कुमार दुबे, राजा रावत, दिनेश गर्ग, अजय गर्ग, मनीष मनीष गोयल, पदम से रवि प्यासी सुदामा पटेरिया, भरत मिश्रा, भरत गोस्वामी, ललित नायक, संजय पाठक, लीला रावत, अनीता गर्ग, रामवती पटेरिया ,पुष्पा मिश्रा, अनीता प्यासी, संगीता ठाकुर, उमा यादव दूधवाले की विशेष उपस्थिति रही।

# आज गांव-गांव बंटेंगे 3 लाख 4 हजार आयुष्मान कार्ड, आशाओं ने दिए पीले चावल

## प्रधानमंत्री करेंगे शहडोल से अभियान का शुभारंभ, प्रधानमंत्री के भाषण का भी होगा सीधा प्रसारण

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज 1 जुलाई को दोपहर 3 बजे से 3 लाख 4 हजार पीव्हीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा शहडोल जिले से किया जा रहा है। जिसका एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण भी सभी कार्यक्रम स्थलों पर होगा। शिवपुरी जिले में अभियान कार्यक्रम कलेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य कार्यक्रम जिला चिकित्सालय शिवपुरी में होगा। इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि भी सहभागी होकर हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण करेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के दो बडे कार्यक्रम स्किल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 तथा आयुष्मान कार्ड वितरण अभियान का शुभारंभ दोपहर 3 बजे करेंगे। उक्त 8कार्यक्रम शिवपुरी जिले में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर पालिका एवं नगर



पंचायतों के सहयोग से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा एचडब्लूसी पर आयोजित किया जाएगा। जिन ग्राम पंचायतों में एचडब्लूसी नही है। वहां पंचायत भवनों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन हितग्राहियों को सुनाने के लिए बडी- बडी एलईडी लगाई जाएंगी। कार्यक्रम की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन जैन ने बताया कि 3 लाख 4 हजार आयुष्मान कार्ड वितरण के लिए स्वास्थ्य विभाग कई दिनों से तैयारियां में जुटा हुआ है। इसमें पीवीसी कार्ड गांव-गांव पहुंचाने से लेकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी महत्वपूर्ण रहा है। कार्ड वितरण के लिए 587 ग्राम पंचायतों एवं 180 बार्डो में 1380 दल बनाए गए हैं। इतना ही नही जिला स्तर से उक्त कार्य की मॉनिटरिंग के लिए कॉल सेंटर भी बनाया गया है। जो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से कार्य करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जैन ने बताया कि विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य वाला शिवपुरी जिले का मुख्य कार्यक्रम जिला चिकित्सालय शिवपुरी में दोपहर तीन बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी जन प्रतिनिधियों से सहभागिता का आग्रह किया जा रहा है। जन प्रतिनिधियों के हाथों ही हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण कराया जाएगा। वितरण से पूर्व हितग्राहियों की सूची का वाचन भी किया जाएगा। इसके उपरांत तत्काल ई केवायसी कराई जावेगी। हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक बुलाने और कार्यक्रम की सूचना देने के लिए आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीले चावल का वितरण किया।

# तीन साल के बच्चे की गर्दन पकड़ कर जंगल में ले जा रहा था तेंदुआ, बच गई बच्ची की जान



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** पाण्डुका बीती रात्रि लगभग 2 बजे पाण्डुक परिक्षेत्र के ग्राम बरेठिनकोन्हा निवासी ईश्वर पिता रामसाय भुंजिया के 3 वर्ष की बेटी कु मंजिता को तेंदुआ द्वारा घर से उठाकर ले जाने का कोशिश किया।पर समय रहते परिवार द्वारा हो हल्ला करने पर छोड़ कर भाग गया। घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी पांडुका एवम वन अमला घटना स्थल पर जाकर विभागीय कार्यवाही किये तथा बच्ची के उपचार हेतु तात्कालिक सहायता राशि 500 देकर बच्ची को उपचार हेतु वन अमला द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुका ले जाया गया।साथ ही वन परिक्षेत्र पाण्डुका द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने अंधेरे में बाहर नही निकलने बच्चो एवम महिलाओ का विशेष सावधानी रखने तथा घर में पर्याप्त रोशनी व घर के बाहर अलाव जलाने की हिदायत दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मादा तेंदुवा के दो शावक भी है और मादा तेंदुवा अपने बच्चो के सुरक्षा के लिए काफी आक्रामक हो जाती है।और इस समय जब मादा तेंदुवा के बच्चे रहते है तब भरण पोषण के लिए किसी भी जानवर का शिकार करने की हिम्मत करती है और जानवर न मिले तो इंसानी बच्चो को उठा ले जाती है।



# गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध गांजा तस्कर करते हुए आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। जिले के पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम काम्बले के दिशा निर्देश पर जिले में अवैध गांजा, जुआ, सट्टा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत् दिनांक 28.06.2023 को थाना छुरा पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थो का परिवहन कर रहा है इसकी सूचना थाना प्रभारी छुरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रेश सिंह ठाकुर एवं एसडीओपी श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक भोला सिंह के नेतृत्व में थाना छुरा एवं स्पेशल टीम के साथ कोसमबुडा तिरहा में चेकिंग के दौरान उडिसा तरफ से एक काले रंग की सुपर स्पेलण्डर क्र0 सीजी 06 पी ए 4014 हमारे तरफ तेज रफ्तार में आ रही थी जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह मोटर सायकल चालक नही रुका जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जो अपना नाम बसंत पिता बुंदावन पटेल उम्र 23 वर्ष साकिन लाठुर थाना लाठुर जिला बलांगीर उडिसा का रहने वाला बताया तथा अपने मोटर सायकल के




पीछे में मादक पदार्थ गांजा जैसा वस्तु रखना पाये जाने पर विधिवत आरोपी एवं मोटर सायकल में रखे काले रंग पीठठू बैग की तलाशी लिया गया। तलाशी दौरान पीठठू बैग को खोलकर देखने पर उसके अंदर मादक पदार्थ गांजा भरा मिला। मौके पर आरोपी के कब्जे से कुल 8.200 किलो ग्राम कीमती 80,000 / रूपये तथा एक नग मोटर सायकल कीमती 40,000 रूपये जुमला कीमती 1,20,000/ रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है, अभियान लगातार जारी रहेगा।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक भोला सिंह के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक विजय मिश्रा, धनुष निषाद आरक्षक अरूण कोमर्रा, अवध पटेल, टिकेश्वर यादव, अरविंद जाटवर एवं स्पेशल टीम के प्रधान आरक्षक अंगद राव, जयप्रकाश मिश्रा, यादराम ध्रुव रवि सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही।

**नाम आरोपी-** बंसत पिता बुंदावन पटेल उम्र 23 वर्ष साकिन लावुर थाना लावुर जिला बलांगीर उडीसा

**जप्त सम्पति-** 01. मादक पदार्थ गांजा 8.200 किलोग्राम कीमती 80,000/- रूपया 02. एक नग मोटर सायकल सीजी 06 पीए 4014 किमती 40,000 कुल जुमला कीमती 1,20,000 / रूपया।

# तीसरी बार संजय दुबे बने श्रमजीवी पत्रकार संघ अमलीपदर के ब्लॉक अध्यक्ष





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। अमलीपदर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अरविंद अवस्थी जी के निर्देशानुसार ब्लॉक अमलीपदर जिला गरियाबंद के चुनाव संपन्न कराने हेतु सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुरु नारायण तिवारी ने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ अमलीपदर इकाई का चुनाव संपन्न कराई स्थानीय गोहरापदर ग्राम पंचायत भवन में चुनाव कराया गया जिसमें संजय दुबे के साथ गिरीस गुप्ता दोनों अध्यक्ष के दावेदारी की गई ब्लॉक इकाई अमलीपदर में 19 पत्रकार सदस्य हैं जिसमें संजय दुबे को 13 वोट मिले वही गिरीश गुप्ता को 6 वोट मिले जिसमें संजय दुबे एक तिहाई वोटों से विजय हुए पुनः तीसरी बार ब्लॉक अमलीपदर केअध्यक्ष निर्वाचित हुए पूरे चुनाव प्रक्रिया संभागीय उपाध्यक्ष गुरु नारायण तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुई वहीं आगामी बैठक में अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा इस भी संजय दुबे के द्वारा कहा गया कि हम सब एक हैं संगठन को मजबूत बनाने हम सब पत्रकार भाई मिलजुल कर कार्य करेंगे और श्रमजीवी पत्रकार संघ में एकता होकर कार्य करेंगे इस बीच वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह ठाकुर प्रतीक मिश्रा अश्वनी अवस्थी चंद्र प्रकाश साहू आयुष दुबे ईश्वर यादव हेमचंद्र नागेश कृष्ण कुमार त्रिपाठी मकरध्वज प्रधान अल्तमश खान अनंत नारायण तिवारी विक्रम नागेश गिरीश गुप्ता बरकत अली रामानुज नेताम ओंकार पर्वते तुषार मिश्रा ललित कौशिक संजय दुबे पीलू राम कश्यप उपस्थित रहे।

# अवैध रुप से देशी कट्टे एवं जिन्दा करतूस के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

**पुष्पांजली टुडे**

*दमोह। जिला के बटियागढ़ थाना अन्तर्गत पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति देशी कट्टा जिसमें एक जिन्दा राउण्ड डला हैं लेकर ग्राम बेलखेड़ी में घूम रहा हैं जिसकी सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक बालमुकुन्द्र सिंह, आर. 464 पवन तिवारी, आर. 715 रवि कुमार, आर.64 भगत सिंह रवाना हुये और मौके पर पहुँचकर सूचना सही पाई गई, मौके पर एक व्यक्ति अबैध रुप से 315 बोर का देशी कट्टा लिये था और लोगो को भयभीत कर रहा था, जिसे मौके से स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जिसके हाथ में जो देशी कट्टा था उसे कब्जे में लेकर चैक करने पर पाया कि उसमें एक जिन्दा राउण्ड भरा हुआ हैं जिन्दा राउण्ड को बाहर निकाला गया और आरोपी के जेब चैक करने पर पाया कि जेब में 5 जिन्दा*



*राउण्ड रखे हैं व्यक्ति से पूछताछ करने उसका नाम पता पूछा गया जिसने अपना नाम कलू उर्फ अजय पिता गुठालू देवलिया उम्र 33 साल निवासी बेलखेड़ी का होना बताया था । देशी कट्टा एवं कारतूसो के संबंध में कोई लायसेंस का होना नही पाये जाने से मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं देशी कट्टा मय कारतूस के बरामद किये गये। आरोपी के विरुध्द थाना बटियागढ़ में अप.क्र.203/2023 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया जाता हैं। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सोनाली जैन, सहायक उपनिरीक्षक बालमुकुन्द्र सिंह, आर. 464 पवन तिवारी, आर. 715 रवि कुमार, आर. 64 भगत सिंह का विशेष रहा।*

# चमड़ा फैक्ट्री से जटाशंकर तक रोड निर्माण शीघ्र हो : पं मनु मिश्रा

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पं मनु मिश्रा ने सिविल वार्ड नं 1, बजरिया वार्ड नं 5 एवं बजरिया वार्ड 6 के बीच का रोड जो चमड़ा फैक्ट्री से जटाशंकर मंदिर तक जाता है इसको बनाने की मांग को लेकर वार्ड वासियों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा। वार्ड में रोड ना होने से बच्चे सहित महिला एवं बुजुर्ग परेशान हैं जिन्हें निकलने में काफी समस्या हो रही है साथ ही शोभा नगर की पहाड़ी का पानी भी यहां से होकर जाता है जिससे वार्ड के लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा के साथ सभी वार्ड वासियों ने नगरपालिका के उपयंत्री श्री सुशील सोनी को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र रोड निर्माण की मांग की है। इस अवसर पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष पं नितिन मिश्रा एडवोकेट, बबलू



खान,शबाना बेगम, खिल्लू ठाकुर, नाजिम खान,आजम शाह, सरवर खान, मंटू, बबीता बाई,अनीता, रामा बाई, सुमित मुड़ा, समस्त वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### चयनकर्ता की दौड़ में शामिल अगरकर ने दिल्ली कैपिटल्स छोड़ी

**नई दिल्ली** । भारत के मुख्य चयनकर्ता की दौड़ में शामिल अजित अगरकर ने बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल टीम में सहायक कोच के पद से इस्तीफा दे दिया । अगरकर का नाम दौड़ में होने से बीसीसीआई को चयन समिति के प्रमुख का सालाना वेतन एक करोड़ से बढाना होगा जबकि बाकी सदस्यों का वेतन भी 90 लाख से अधिक करना होगा । दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच और कमेंटेटर अगरकर मुख्य चयनकर्ता के सालाना पैकेज से अधिक कमाते हैं और यही कारण है कि बीसीसीआई को मोजूदा वेतनमान की समीक्षा करनी पड़ेगी । अगरकर के दौड़ में शामिल होने की खबर पीटीआई ने बुधवार को दी थी और अब दिल्ली कैपिटल्स टीम छोड़ने की खबर से यह साफ हो गया कि वह वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के लिये टी20 टीम चुनते समय मुख्य चयनकर्ता हो सकते हैं । दिल्ली कैपिटल्स ने इसकी पुष्टि की कि अगरकर और शेन वॉटसन अब सहयोगी स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं । टीम ने ट्वीट किया आपके लिये यह हमेशा घर रहेगा। धन्यवाद अजित और वाट्टो (वॉटसन) । भविष्य के लिये शुभकामनायें । अगरकर 2021 में भी चयनकर्ता के पद के लिये इंटरव्यू दे चुके हें जब उत्तर क्षेत्र से चेतन शर्मा समिति के अध्यक्ष बने थे । दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शिष्य रहे 45 वर्ष के अगरकर 191 वनडे, 26 टेस्ट और चार टी20 मैच खेल चुके हैं ।

### जोस बटलर को लुभावना करार देगा राजस्थान रॉयल्स

**लंदन** । इंडियन प्रीमियर लीग की टीम राजस्थान रॉयल्स इंग्लेंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर को लुभावना करार देने जा रही है । ब्रिटिश अखबार 'टेलीग्राफ' ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी । आईपीएल की अधिकांश टीमों की दुनिया भर की टी20 लीगों में किसी न किसी तरह हिस्सेदारी है । ऐसे में खतरा है कि दुनिया के शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अपने देश के साथ केंद्रीय अनुबंध छोड़का फुटबॉल की तरह फ्रेंचाइजी क्लबों से करार कर सकते हैं । टेलीग्राफ ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स बटलर के साथ दीर्घकालिन करार करना चाहता है लेकिन अभी यह पेशकश की नहीं है और यह भी तय नहीं है कि वह करार पर सहमत होगा या नहीं । रिपोर्ट में कहा गया इंग्लेंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर को इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स ने चार साल की पेशकश की है । समझा जाता है कि अभी औपचारिक तौर पर यह पेशकश नहीं की गई है। यह देखना होगा कि विश्व कप विजेता कप्तान यह प्रस्ताव स्वीकार करता है या नहीं । बटलर ने रॉयल्स के साथ 2018 में जुड़ने के बाद 71 मैचों में 18 अर्धशतक और पांच शतक लगाये हैं। वह दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में रॉयल्स की पार्ल रॉयल्स टीम के लिये भी खेलते हैं ।

# स्टीव स्मिथ ने स्टीव वॉ के 32 टेस्ट शतकों की बराबरी की

**अपने 99वें टेस्ट में 174वीं पारी खेलते हुए स्मिथ सबसे तेज 32 शतक के आंकड़े तक पहुंचने वाले खिलाड़ी हैं।**



**लंदन** ■ स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने गुरुवार को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एशेज 2023 टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के लिए 32 टेस्ट शतकों के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। स्मिथ से आगे अब केवल रिकी पोंटिंग हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक टेस्ट शतक स्कोरिंग चार्ट में 41 शतक बनाए हैं। इसके अलावा, अपने 99वें टेस्ट में 174वीं पारी खेलते हुए स्मिथ सबसे तेज 32 शतक के आंकड़े तक पहुंचने वाले खिलाड़ी हैं।

इस नवीनतम शतक के साथ, स्मिथ ने अब एशेज में जैक हॉब्स के 12 शतकों की बराबरी कर ली है, जिससे वे दोनों दूसरे स्थान पर हैं। महान डॉन ब्रेडमैन अपने नाम पर प्रभावशाली 19 शतकों के साथ सूची के शीर्ष पर कायम हैं। 85 रन पर अपनी पारी फिर से शुरू करते हुए, लॉर्ड्स में अपने दूसरे शतक तक पहुंचने से सिर्फ 15 रन दूर, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दूसरी नई गेंद आने पर बाउंड्री शॉट्स की एक श्रृंखला शुरू की।

अंत में, यह जेम्स एंडरसन की गेंद पर अच्छी तरह से किया गया कवर ड्राइव था जिसने उनके लिए एक मील का पत्थर तय कर दिया।

क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार 34 वर्षीय स्मिथ वॉरेन बार्डस्ले (1912, 1926), सर डॉन ब्रेडमैन (1930, 1938) और बिल ब्राउन (1934, 1938) के साथ लॉर्ड्स में कई टेस्ट शतक बनाने के लिए लॉर्ड्स टेस्ट बैटिंग ऑनर्स बोर्ड में कई बार अपना नाम दर्ज कराने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई भी बन गए।

यह उपलब्धि लॉर्ड्स के साथ स्मिथ के असाधारण संबंध को बढ़ाती है, जो एक ऐसा स्थान है जो उनके करियर में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहीं पर उन्होंने 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और 215 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।

इसके अलावा, 2015 एशेज के दौरान, उन्होंने लॉर्ड्स में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक अमिट छाप छोड़ी। हालांकि, यह वही मैदान था जहां वह 2019 एशेज में जोफ्रा आर्चर की गेंद पर कन्कशन के शिकार हुए थे।

स्मिथ की 184 गेंदों में 110 रनों की शानदार पारी 96वें ओवर में समाप्त हुई, जब वह जोश टंग की गेंद पर ड्राइव मारने की कोशिश में गली में डकेट के हाथों कैच आउट हुए। स्मिथ के आउट होने के तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 416 रन पर सिमट गई।

### महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने चामुंडा माता की पूजा-अर्चना कर प्रसाद का किया वितरण

पुष्पाजंली टुडे



मैसूरू. व्यापारी एवं ऑटो रिक्शा एसोसिएशन,हल्लदकेरी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आषाढ़ माह के द्वितीय शुक्रवार के दिन चामुंडा की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा अर्चना की गई द्य श्रद्धालु जनों ने माता के जयकारे लगाये द्य पर्यावरण जागृति वैदिके,बनूर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह कालप्पा ने बताया कि मैसूरु वासियों की ओर से आषाढ़ माह के प्रत्येक शुक्रवार को श्रद्धा के साथ चामुंडी माता की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व शांति की मंगल कामना करते है द्य इस अवसर पर व्यापारी व ऑटो रिक्शा एसोसिएशन के सुरेंद्र सिंह भाटी,समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित, कांतिलाल चौहान,शिव,मधु, किरण,सूरी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## कांग्रेसी नेता फूल सिंह बरैया ने भाजपा संगठन और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ की गई अपमानित टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गोपाल सिंह कुशबाह

### भाजपा मण्डल अध्यक्ष मौं गोपाल सिंह कुशबाह ने कांग्रेस नेताओं को कहा कि फूल सिंह बरैया को मर्यादा में रहना सिखाएं, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने फूल सिंह बरैया द्वारा की गई भाजपा संगठन और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी की निंदा की

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉक्टर बेताल सिंह गौड़**

मौं। भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने कांग्रेस नेता फूल सिंह बरैया द्वारा भारतीय जनता पार्टी एवं प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया है वह वह निंदनीय है और अपनी सारी मर्यादाओं को ताक पर रखते हुए इस प्रकार की टिप्पणी करना उनकी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है ने फूल सिंह बरैया के बयान की निंदा करते हुए कहा कि मैं सामाजिक तौर पर एवं राजनैतिक तौर पर करता हूं एवं गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है वह बहुत ही अमर्यादित एवं उसके स्तर का है जो बोल रहा है क्योंकि उसका खुद का कोई राजनीतिक वजूद नहीं है ना ही कभी चुनाव जीता है वह इस तरह के बयान देकर स्वयं की जाति को भी बदनाम और गुमराह करके धंधा करता है बोलने को तो मैं उससे भी ज्यादा खराब शब्दों का प्रयोग कर सकता हूं लेकिन इसमें मेरी ही मर्यादा और संस्कार परिलक्षित होते हैं क्योंकि जब



भी कभी आप एक उंगली किसी को दिखाते हो तो 3 उंगली आप की ओर इशारा करती हैं। फूल सिंह बरैया का कोई वजूद नहीं है कांग्रेश मात्र अनुसूचित जाति समाज के बोर्ड की तुष्टीकरण नीति चलाकर उनका राजनीतिक इस्तेमाल करना चाहती है। बहुजन समाज पार्टी से अलग होकर उन्होंने अपनी निजी पार्टी बनाकर दलित समाज ही नहीं संपूर्ण समाज को भरी सभा में अपमानित करने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी सभी का सम्मान करने वाला राजनीतिक दल है और जिन नेताओं के इशारे पर फूल सिंह बरैया ने इस प्रकार की संगठन और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के विरुद्ध जो टिप्पणी की है जिसे ना तो भाजपा ही बर्दाश्त करेगी। भाजपा कुशबाह ने कहा नरोत्तम मिश्रा प्रदेश के गृह मंत्री हैं और जिनके ऊपर कांग्रेसी नेता फूल सिंह बरैया इस तरह का अपमानित टिप्पणी करने से स्वच्छ छवि को धूमिल नहीं किया जा सकता कांग्रेश कि यह तुष्टीकरण की नीति हमेशा रही है कि फूट डालो और राज करो कांग्रेस के ही इतने हीरो बनना चाहते हैं बररिया तो दिग्विजय सिंह और नेता प्रतिपक्ष ने उन्हें राज्यसभा में क्यों नहीं जाने दिया अगर इतने ही कांग्रेस के हमदर्दी बनते हैं तो दिग्विजय सिंह को ही फार्म खींच लेना चाहिए था और फूल सिंह बरैया को मात्र इसलिए नामांकन भरा या गया कि अनुसूचित जात वोट उन्हें लेकर अनुसूचित जाति समाज ने भांडेर विधानसभा से एक बार नहीं कई बार उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

#### इनका कहना है

उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सलाह दी है कि कि फूल सिंह बरैया को मर्यादा सिखाने का पाठ बढ़ाएं । उन्होंने कहा कि बरैया हमेशा हिन्दू धर्म के विरुद्ध हमेशा राजनीतिक सभाओं मेंअपमानित टिप्पणी करते रहे हैं।

**श्री गोपाल सिंह कुशबाह**
**भाजपा मंण्डल अध्यक्ष मौं**
**भिण्ड मध्य प्रदेश**

## 10 हजार रूपये का फरार आरोपी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारियों एंव समस्त थाना प्रभारियों को मुखविर तंत्र विकसित करने के लिये लगातार निर्देशित किया जाता है। प्रकरण का एक आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। किन्तु एक आरोपी घटना दिनांक से फरार था जिसे गिरफ्तार करने के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मेहगांव आरकेएस राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मेहगाँव निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा दिनांक 30/06/23 को तकनीकी की मदद तथा मुखविर द्वारा सूचना के आधार पर थाना मेहगांव के अपराध क्रमांक 490/22 धारा 363 भादवि. इजाफा धारा 365, 365ए, 376(2) (एन) भादवि. पोस्को एक्ट 3 ( 2 ) व्ही, 3 ( 2 ) व्ही, ए, 3 ( 2 ) (डब्लू) (आई) एससी/एसटी एक्ट में फरार आरोपी हरीशंकर उर्फ कबूतर पुत्र विरजो उर्फ बृजकिशोर तोमर उम्र 24 साल निवासी ग्राम जमो थाना इंगलास जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से दबिश देकर पकड़ा गया। जिससे पूछताछ पर आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड लिया गया। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी मेहगांव निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा,का. एएसआई रामप्रसाद, एएसआई रामप्रकाश शर्मा,प्रधान आरक्षक संजय पाण्डेय, आरक्षक मुनेश तोमर, सतेन्द्र सिंह तोमर, अवधेश गुर्जर, बहादुर सिंह, रामखिलाडी, गौरीशंकर, दिनेश मुदगल की सराहनीय भूमिका रही ।

भालाफेंक

# लुसाने डायमंड लीग में नजरें नीरज चोपड़ा पर

**दोहा डायमंड लीग जीतने के बाद चोपड़ा अभी शीर्ष पर हैं जिनके बाद याकूब और पीटर्स हैं।**



**लुसाने** ■ चोट के कारण एक महीने बाद लौट रहे ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डायमंड लीग के लुसाने चरण में शुक्रवार को लगातार दूसरी बार पोडियम पर जगह बनाने की कोशिश में होंगे ।

भारत के 25 वर्ष के चोपड़ा ने पांच मई को डायमंड लीग के दोहा चरण में शानदार शुरूआत करके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ 88 . 67 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन उसके बाद से उनकी मांसपेशी में खिंचाव आ गया । उन्होंने 29 मई को एक बयान जारी करके चार जून को नीदरलैंड में हुए एफबीके खेलों और 13 जून को फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों से नाम वापिस लेने की घोषणा की थी।

वह हालांकि डायमंड लीग के किसी चरण से बाहर नहीं रहे क्योंकि रबात, रोम, पेरिस और ओस्लो डायमंड लीग में भालाफेंक स्पर्धा नहीं थी ।

लुसाने में तोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश , विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, फिनलैंड के ओलिवर हेलांडेर, त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैम्पियन केशोर्न वाटकॉट और जमंनी के जूलियन वेबर भी भाग लेंगे ।

दोहा डायमंड लीग जीतने के बाद चोपड़ा अभी शीर्ष पर हैं जिनके बाद याकूब और पीटर्स हैं। लुसाने के बाद मोनाको में 21 जुलाई को और ज्यूरिख में 31 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग चरण में भी भालाफेंक स्पर्धा होगी । इसके बाद अमेरिका के यूजीन में 16 . 17 सितंबर को ग्रांड फिनाले में भी यह स्पर्धा होगी।

डायमंड लीग में पोडियम पर रहने वाले लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर भी यहां भाग लेंगे।

वह जून में पेरिस में 8 . 09 मीटर की कूद के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

## बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण बिषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में कंट्रोल रूम में श्रीमती पूनम थापा शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम जिला भिण्ड में विशेष पुलिस इकाई,बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं मानव दुर्व्यापार निरोधी इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बाल अधिकार और बाल संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया । कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री अंकिता गुप्ता प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, जिला अभियोजन अधिकारी भिंड अरविंद सिंह श्रीवास्तव उपस्थित रहे, माननीय प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट द्वारा जे जे एक्ट के विभिन्न प्रावधानों एवं उनमें हुए नवीन संशोधनों, महिलाओं, बालक बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधो की विवेचना में किन तथ्यों का समावेश किया जाना चाहिये, के बारे में जानकारी दी गई, बाल अपचारी के उम्र संबंधी कौन कौन से दस्तावेज एकत्रित किए जाए, बाल अपचारी से किस तरह और किस माहौल में पूछताछ करनी हैं, इत्यादि बातो के बारे में जानकारियां दी,इसी क्रम में जिला अभियोजन अधिकारी भिंड अरविंद सिंह श्रीवास्तव द्वारा पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों एवं नए प्रावधानों को समझाया गया। कार्यशाला के समाप्ति पश्चात सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## समाचार-आसपास

### स्कॉट बोलैंड ने मेलबर्न स्टार्स के साथ किया करार

**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने गुरुवार को बिग बैश लीग-15 (बीबीएल) के अंत तक मेलबर्न स्टार्स के साथ तीन साल का करार किया है। मेलबर्न स्टार्स ने एक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलेंड ने बीबीएल-15 के अंत तक मेलबर्न स्टार्स के साथ अनुबंध किया है। बोलेंड, जो 2021 के एशेज बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान अपने ड्रीम डेब्यू में सात रन देकर 6 विकेट लिया था। बोलेंड ने बीबीएल-03 में स्टार्स के लिए पदार्पण किया था और अब वह क्लब में वापसी कर रहे हैं, जिसमें ल्यूक राइट, ब्रेड हॉज, बॉब क्विनी, जॉन हेस्टिंग्स, डेविड हसी और लसिथ मलिंगा जैसे खिलाड़ी शामिल थे।

### एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिपः भारत का अजेय क्रम जारी

**बुसान**, ........। एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप में भारतीय टीम का अजेय क्रम जारी है। भारत ने टूर्नामेंट के तीसरे दिन ईरान को 33-28 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले में भारत और ईरान ने सतर्क शुरुआत की। असलम इनामदार ने 11वें मिनट में 2 रेड पॉइंट रेड अर्जित की। इसके बाद भारत ने ऑलआउट कर अपनी बढ़त 11-5 कर ली। भारतीय कप्तान पवन सहरावत ने पहले हाफ में चार मिनट शेष रहते हुए दो ईरानी रक्षकों को चकमा देकर अपनी बढ़त 17-7 कर ली। ईरानी रक्षकों ने असलम इनामदार के खिलाफ सुपर टैकल का इस्तेमाल करते हुए पहले हाफ की समाप्ति 19-9 से की। ईरान अपने खाते में तेजी से अंक जोड़कर वापसी करना चाहता था। उन्होंने खेल में तेजी लायी और परिणाम उन्हें ऑल-आउट के रूप में मिला। ईरानी टीम ने जोरदार वापसी की और छह मिनट शेष रहते हुए भारत के 26 अंकों के मुकाबले 22 अंक हासिल कर लिये और स्कोर 26-22 हो गया। भारत ने एक मिनट से भी कम समय में सुपर टेकल किया और स्कोर 31-27 कर दिया। अर्जुन देशवाल की दो रेड पॉइंट ने भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। अंत में भारत ने टूर्नामेंट में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए 33-28 स्कोर के साथ एक रोमांचक मैच अपने नाम कर लिया। इससे पहले तीसरे दिन के पहले मैच में चीनी ताइपे ने टूर्नामेंट की अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

### पीकेएल के दसवें सीजन को लेकर उत्साहित हूं: पवन सहरावत

**नई दिल्ली**, ........। इस साल प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 का आयोजन होना है, जिसे लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। सीजन 10 को लेकर प्रशंसकों पर कबड्डी का बुखार बढ़ता जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग जल्द ही दसवें सीज़न के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की तारीखों की घोषणा करेगी। विशेष घोषणा से पहले, पीकेएल स्टार पवन सहरावत, जिन्होंने 105 मैचों में 987 अंक बनाए हैं, ने कहा, मैं दसवें सीज़न के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।

प्रो कबड्डी लीग एक दिलचस्प यात्रा से गुजरी है और यह निश्चित रूप से यह एक शानदार दसवां सीजन का हकदार है। मैं मेट पर उतरने और सभी प्रशंसकों के साथ सीजन 10 का जश्न मनाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

पिछले नौ वर्षों में पीकेएल के प्रभाव के बारे में सुपरस्टार रेडर नवीन, जिन्होंने 85 मैचों में 934 अंक अर्जित किए हैं, ने कहा, प्रो कबड्डी लीग ने सैकड़ों खिलाड़ियों के जीवन को बदल दिया है।

# रश्मिका ने शुरू की पुष्पा द रुल की शूटिंग



दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा द रुल की शूटिंग शुरू कर दी है। रश्मिका मंदाना ने वर्ष 2021 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म पुष्पा द राइज में काम किया था। रश्मिका मंदाना फिल्म एनिमल की शूटिंग कर रही थीं। एनिमल की शूटिंग पूरी होने के बाद रश्मिका मंदाना ने फिल्म पुष्पा द राइज के सीक्वल पुष्पा द रुल की शूटिंग शुरू कर दी है।

रश्मिका ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पुष्पा द रुल की शूटिंग शुरू करने की जानकारी दी है। पुष्पा द रुल की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। गौरतलब है कि रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा द रुल सुकुमार निर्देशित कर रहे हैं। रश्मिका मंदाना इस फिल्म में 'श्रीवल्ली' की भूमिका दोहराती हुई नजर आएंगी।

# दीपिका ने फाइटर की पहली झलक शेयर की




बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी आने वाली फिल्म फाइटर से अपने को-स्टार ऋतिक रोशन की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। ऋतिक रोशन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'फाइटर' से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था। अब दीपिका ने फिल्म फाइटर के पोस्टर को शेयर किया है। दीपिका पादुकोण ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फाइटर से ऋतिक रोशन का लुक शेयर करते हुए फैंस से एक सवाल पूछा। दीपिका ने कहा,आपको क्या लगता है मैं ऋतिक रोशन को फिल्म में क्या बुलाती हूं? सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म 'फाइटर, 25 जनवरी 2024 को रिलीज होगी। 'फाइटर' में अनिल कपूर की भी अहम भूमिका है।

# कौन बनेगा करोड़पति 15 का नया प्रोमो रिलीज



लोकप्रिय शो कौन बनेगा करोड़पति 15 का नया प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति' को होस्ट करते हैं।कौन बनेगा करोड़पति के 15वां सीजन का प्रोमो सीनी टीवी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। अमिताभ बच्चन इसमें कहते दिखते हैं, भारत ने परिवर्तन को पूरी तरह से अपनाया है. एक ऐसा बदलाव जो विकास को बढ़ावा देता है, एक बदलाव जिसने हमारी मानसिकता को फिर से बदल दिया है और एक बदलाव जो नई आकांक्षाओं को प्रेरित करता है।केबीसी के वीडियो के कैप्शन में लिखा है, देखिए कौन बनेगा करोड़पति, जल्द ही एक नये रूप में।



# 20 साल बाद पर्दे पर वापसी से खुश हैं अभिनेता रवि बहल

वेब सीरीज 'द नाइट मैनेजर' में 20 साल से अधिक समय बाद अभिनेता के रूप में वापसी करने वाले रवि बहल ने कहा, कि ऐसा लग रहा है जैसे वह घर वापस आ गए हैं। रवि बहल ने लंबे समय के बाद वेब सीरीज 'द नाइट मैनेजर' से पर्दे पर वापसी की। सीरीज के दूसरे सीज़न के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक्टकर ने वापसी को लेकर अपने अनुभव साझा किए। अपने करियर ग्राफ के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कि मैं नहीं मानता कि मेरा करियर ऊपर-नीचे हुआ है।

मुझे लगता है कि हर कोई इससे गुजरता है। मैंने 'नरसिम्हा', 'अग्निसाक्षी' और 'गुलाम-ए-मुस्तफा' की। मैंने 15 साल तक बूगी वूगी किया। जब 'बूगी वूगी' ख़त्म हुआ तो, मैंने सोचा कि अब मैं कुछ नहीं करना चाहता। मैंने एक लंबा ब्रेक लिया। फिर लॉकडाउन के दौरान मुझे लगा कि अब मुझे कुछ करना चाहिए, तभी मैंने अपने पहले प्यार अभिनय की ओर लौटने का फैसला किया। एक्टमर ने कहा, मैंने अपना लुक बदल लिया था, और हमारे निर्देशक संदीप ने मुझे इस भूमिका के लिए पसंद किया।

उन्होंने आगे कहा, कि जाहिर तौर पर मैं 20 साल से अधिक समय के बाद एक अभिनेता के रूप में वापस आया हूं, इसलिए मैं थोड़ा घबराया हुआ था। लेकिन फिर मेरे परिवार वालों ने मुझसे कहा कि तुम एक्टिंग कभी नहीं भूल सकते। तो चिंता मत करो। मेरे एक दोस्त ने मुझे सेट पर वापस लौटने का आत्मविश्वास दिया। एक्टकर ने कहा, जब मैं श्रीलंका में पहले दिन शो के सेट पर गया तो थोड़ा घबराया हुआ था। लेकिन फिर अनिल कपूर ने मुझे बहुत सहज बना दिया। एक घंटे बाद ही मुझे लगा कि मैं घर वापस आ गया हूं।

# ज्या दा थिएटर नहीं कर पाने का है मलाल: अनिल कपूर

बड़े पर्दे पर 40 साल तक दर्शकों का मनोरंजन करने और कई यादगार किरदार निभाने वाले बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की अधूरी ख्वामहिशों मे अधिक थिएटर करना और दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करना शामिल है। 'द नाइट मैनेजर' में अनिल कपूर का किरदार सभी को पसंद आया था। पहले सीज़न को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली और हर कोई शो के दूसरे सीजन को देखने के लिए बेहद उत्साहित है। शो की कास्ट और क्रू के साथ मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनिल कपूर ने शो, इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर और अन्या विषयों पर विस्तार से बात की।

अपनी अधूरी ख्वासहिशों के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मुझे सबसे बड़ा अफसोस इस बात का है कि मैं थिएटर नहीं कर सका। काश मैंने अपने करियर में और अधिक थिएटर किया होता। इससे आपको दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने का शानदार अनुभव मिलता है। ऐसा करने के लिए अधिक थिएटर निश्चित रूप से मेरी बकेट लिस्ट में है।




'द नाइट मैनेजर' में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहाः ‍इस भूमिका के लिए हमारे पास एक किताब थी, हमारे पास देखने के लिए एक अंतर्राष्ट्री य शो था। इसके अलावा, हर अभिनेता के पास चरित्र में डूबने का एक अलग तरीका होता है। मुझे भावनात्मक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से चरित्र में ढलना था। मैं भूमिका के बारे में सपने देखता था। मैं वॉयस ओवर रिकॉर्ड करता था और इसे अपने निर्देशक और लेखक को भेजता था। मैं ऐसी फिल्में देखता था जिनमें इस तरह के रोल हों।

जब हमने अपना करियर शुरू किया था, उस समय हमें आर्काइव देखने के लिए पुणे जाना पड़ता था। आज सब कुछ आपकी उंगली की क्लिक पर उपलब्ध है। यही कारण है कि आज हमारे अभिनेता अंतर्राष्ट्री य अभिनेताओं के बराबर हैं। 'द नाइट मैनेजर' के बा अनिल कपूर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' में नजर आएंगे, जिसमें रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में बॉबी देओल, तृप्ति डिमरी और रश्मिका मंदाना भी हैं। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज़ होने वाली है।

बहुरंग

# रोंगटे खड़े कर देगी रहस्यमय सीरीज 'अधूरा'



आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'अधूरा' का ट्रेलर जारी किया गया है। इसकी कहानी ऊटी के एक प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूल के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। रोंगटे खड़े कर देने वाली इस कहानी में रहस्य और भयानक घटनाओं को प्रस्तुत किया गया है। सीरीज 'अधूरा' में इश्वाक सिंह, पूजन छाबड़ा, रिजुल रे, ज़ोआ मोरानी, साहिल सलाथिया और अरु कृष्ण वर्मा हाई स्कूल के दोस्तों की भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही रसिका दुग्गल, श्रेनिक अरोड़ा और राहुल देव भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

हाल ही में सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया। ट्रेलर में अपराध-बोध से ग्रस्त पूर्व छात्र अधिराज (ईश्वक सिंह) और परेशान छात्र वेदांत (श्रेनिक अरोड़ा) के बीच अतीत और वर्तमान का कनेक्शन दिखाया गया है। सीरीज में भूमिका निभाने वाली रसिका दुग्गल ने कहा, कि सुप्रिया जैसे किरदार को लेकर मैं रोमांचित थी। उन्होंने आगे कहा, मैं एक नई सीरीज के साथ प्राइम वीडियो पर आकर खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस कहानी को पसंद करेंगे। निखिल आडवाणी के एम्मे एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और अनन्या बनर्जी और गौरव के. चावला द्वारा निर्देशित यह सीरीज 7 जुलाई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

दिलचस्प

# रैपर 'डोजा कैट' ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए नए टैटू



27 वर्षीय रैपर डोजा केट ने हाल ही में दो टैटू बनवाये है, जिसे उन्होंभने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। रैपर ने अपने पीठ और हाथ पर बनाए टैटू की तस्वीरें पोस्टे की। रैपर 'डोजा केट' ने अपने इंस्टाग्राम पर दो टॉपलेस तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उनकी पीठ के निचले हिस्से पर बना मकड़ी का टैटू दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि डोजा केट का टैटू ऐसा लग रहा है जैसे कोई कीट जाल बुन रहा हो।

पोस्ट. की गई फोटो में डोजा केट ने अपने दाहिने हाथ की एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें आईबॉल जैसा कुछ देखा जा सकता है। रैपर्स ने 4 मई को अपने एक संदेश में कहा था कि चमगादड़ अक्सर पुराने को त्यागने और नए को लाने का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवर्तन के साथ नई शुरुआत होगी। डोजा केट जिस नई शुरुआत की उम्मीद कर रही हैं वह उनके नए दौरे की शुरुआत हो सकती है। पिछले हफ्ते उन्होंने द स्कार्लेट टूर की घोषणा की, जो 2019 के बाद उनका पहला प्रमुख दौरा होगा। स्कार्लेट टूर हैलोवीन पर सैन फ्रांसिस्को में शुरू होता है। आइस स्पाइस और डोएची अटेंशन परफॉर्मर में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

विचार पेज का शेष

# विदेशी मीडिया पर भी छुई-मुई मोदी भक्त!

जहाँ एक ओर मीडिया के लिए लोकतंत्र एक प्राथमिक आवश्यकता है, वहीं यह भी सच है कि मीडिया के बिना लोकतंत्र ठीक उसी तरह है जैसे बिना पहिये की गाड़ी। इसलिए दोनों का एक दूसरे से अटूट संबंध है। परंतु पिछले कुछ सालों से भारतीय मीडिया की प्रताड़ना को लेकर दुनिया भर में सवाल उठने लगे हैं। लोकतंत्र में जनता में जागरूकता लाने की ज़िम्मेदारी मीडिया पर ही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूती देने का काम भी मीडिया ही करती है। ऐसा करने से ही विकास की प्रक्रिया को रफ़्तार मिलती है। लोकतंत्र में मीडिया की तीन प्रमुख ज़िम्मेदारियों हैं। पहला, सत्ताधारी दलों पर लगाम रखना, जवाबदेही को बढ़ावा देना, शासन में पारदर्शिता की माँग करना और सार्वजनिक जाँच में सहयोग की अपेक्षा रखना। दूसरा, राजनैतिक बहस के लिए नागरिक मंच उपलब्ध कराना, सूचित चुनावी विकल्प और कार्यों को सुविधाजनक बनाना। तीसरा, नीति निर्माताओं के लिए विषय उपलब्ध कराने हेतु सामाजिक समस्याओं के लिए सरकार की जवाबदेही को बढ़ाना।

परंतु पिछले कुछ सालों से मीडिया को जिस तरह पंगु बनाने की कोशिश की जा रही है क्या वो सही है? क्या लोकतंत्र में मीडिया को अपना काम निडर होकर नहीं करना चाहिए? क्या सत्तारूढ़ दल या सरकार से सवाल करना गुनाह है? क्या अमरीकी पत्रकार सबरीना द्वारा प्रधान मंत्री से सवाल करना ग़लत था? या सवाल के बाद सबरीना का सोशल मीडिया पर उत्पीड़न सही था? जब प्रधान मंत्री दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र के राष्ट्रपति के सामने खड़े होकर गर्व से भारत के लोकतांत्रिक ढाँचे और प्रेस की आज़ादी का दावा करते हैं तो फिर ये सब विवाद क्यों उठते हैं?

# बसपा है धोखेबाज, कांग्रेस का आएगा राजः अजय सिंह

**ग्वालियर ।** ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे की अध्यक्षता एवं मप्र शासन के पूर्व मंत्री पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के मुख्यातिथ्य मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष ग्वालियर प्रभारी महेन्द्र सिंह, मप्र कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, साहब सिंह गुर्जर की उपस्थिति में ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रामनिवास शर्मा के प्रयास से 14 ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बीएसपी से इस्तिफा देकर अनेक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में अभिषेक कुशवाह, सोनू कुशवाह, जितेन्द्र यादव सहित 55 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।



मप्र शासन के पूर्व मंत्री पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष ग्वालियर प्रभारी महेन्द्र सिंह, मप्र कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, साहब सिंह गुर्जर ने बसपा छो?कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि बीएसपी हमेशा जाति के नाम पर अपना स्वार्थ सिद्ध करती है, कांग्रेस ने हमेशा अनुसूचित जाति वर्ग को सम्मान देकर उनका मान ब?ाया है, बाबा साहेब अम्बेडकर को सविधान सभा का अध्यक्ष बनाया, बाबू जगजीवन राम को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया, मीरा कुमार को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया, संविधान में संशोधन करके देश की लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण दिलाया, अभी हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के मल्लिकार्जुन ख?ड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, कांग्रेस ही अनुसूचित जाति वर्ग की सच्ची हितेषी है, 2023 में कांग्रेस की जीत का इतिहास बनाए कांग्रेस की सरकार बनाए।




# सुरों से सजा समर नाईट मेला एवं राम नाम रामायण प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण संपन्न




कावेरी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा दिनांक 29-06-23 को समर नाईट मेला परिसर स्थित खुले रंगमंच पर संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 30 से अधिक कलाकारों ने समर नाईट मेला मंच को अपने सुरों से झंकृत कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने वाले सभी कलाकारों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर कावेरी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा रामचरित मानस चौपाई आधारित आनलाईन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ तीन विजेता निकाले गए जिसमें प्रथम हार्दिक शुक्ला , द्वितीय वासु शर्मा , एवं तृतीय स्थान पर काव्या गुप्ता को सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में अतिथि आसंदी पर शहर के चिर परिचित समाजसेवी, अभिनेता, माडल आसीन रहे । उपस्थित अतिथियों में सर्वश्री रामबाबू कटारे, महेश मुदगल, हेमंत त्रिवेदी, जे एस कुशवाह, महेन्द्र भदकारिया, हरी दास अग्रवाल, अनिता औदिया, अचेन्द्रे कुशवाहा, अनुज गुर्जर शामिल थे ! कार्यक्रम आयोजन में संस्था अध्यक्ष हेमलता राव, सचिव पूर्णिमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कंचन, कार्यक्रम संयोजक आशी प्रतिभा दुबे, ऋषि जैन, सुनीलम चतुर्वेदी, डॉ मनोज चतुर्वेदी, गीता सूर्यवंशी, मुकेश जैन, नेहा, हैरी ने सक्रिय भूमिका निभाई। मेला प्राधिकरण से अभिषेक गोस्वामी और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी।


# पुष्पांजली टुडे से, खास मुलाकात

## डॉ महेश नरवरिया के साथ



डॉ महेश सिंह नरवरिया

**ग्वालियर।** 1 जुलाई डॉक्टर दिवस पर सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं,आज डॉक्टर दिवस हैं ओर आज के मोके पर मेरी बात ग्वालियर के जाने-माने टीबी चेस्ट स्वास एवं एलर्जी रोग




विशेषज्ञ डॉक्टर महेश सिंह नरवरिया जी से बात हुई। जोकि क्षय रोग विभाग जयारोग्य हॉस्पिटल ग्वालियर में सीनियर मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ हैं एवं डी.आर.टीबी सेंटर के इंचार्ज भी है डॉ महेश सिंह नरवरिया ग्वालियर चंबल संभाग में एकमात्र डॉक्टर है जो की नॉर्मल टीबी स्वास के मरीजों के साथ साथ बिगड़ी हुई टीबी के मरीजों को भी देखते हैं, बिगड़ी हुई टीबी ( जैसे कि XDR,MDR,TDR T.B. ) एक गंभीर



ऊर्जा मंत्री जी द्वारा सम्मानित

समस्या है, लेकिन भारत सरकार की मुहिम टीबी हारेगा देश जीतेगा( 2025 टीबी मुक्त भारत) के तहत डॉक्टर महेश सिंह नरवरिया के अथक प्रयासों से टीबी के मरीजों की संख्यां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है।

### रुकना नहीं है....

डॉ नरवरिया जी के द्वारा आये दिन फ्री स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन समय समय पर किया जाता है अभी हाल ही में भिण्ड जिलें के मेहगांव जनपद की ग्राम मुस्तरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे सेकड़ो लोगो का निशुल्क चेकप किया गया आपको बता दें की कोरोना काल मैं भी डॉ. महेश नरवरिया की मेहनत और काम बहुत ही सराहनीय रहा है इसके लिए उनको कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री मिश्रा व एसडीओ चौहान निलंबित

**ग्वालियर।** संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने लोक निर्माण विभाग (ब्रिज) के कार्यपालन यंत्री ज्ञानवर्धन मिश्रा और अनुविभागीय अधिकारी डी एस चौहान को निलंबित कर दिया है। दतिया जिले की भाण्डेर तहसील के अंतर्गत इंदरगढ़ कामद मार्ग पर बोहरा नाले पर निर्माणाधीन पुल के अस्थायी डायवर्सन रपटे पर गत 28 जून को आइसर लोडिंग वाहन पलटने से हुई दुःखद दुर्घटना की जाँच के लिये गठित समिति ने इन दोनों अधिकारियों की भी लापरवाही बताई है। ज्ञात हो इस दुःखद दुर्घटना में ग्वालियर जिले के ग्राम बिल्हेटी निवासी पाँच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने कलेक्टर दतिया के पत्र एवं जाँच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियमों के तहत यह कार्यवाही की है। निलंबन अवधि में कार्यपालन यंत्री



ज्ञानवर्धन मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी डी एस चौहान का मुख्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण परिक्षेत्र ग्वालियर रहेगा। दोनों अधिकारियों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जाँच समिति ने यह पाया था कि निर्माणाधीन पुल के डायवर्सन मार्ग (रपटा एवं पहुँचमार्ग) पर आईआरसी मानकों के अनुसार साईन बोर्ड एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम इन अधिकारियों द्वारा नहीं कराए गए।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री बोर्ड की अंकसूचियों का वितरण शुरू

**ग्वालियर।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की गई हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा 2023 की अंकसूचियाँ समन्वय संस्था शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी को प्राप्त हो गई हैं। अंकसूचियों का वितरण भी शुरू हो गया है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिंदे की छावनी के प्राचार्य एवं समन्वयक से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थाओं के प्राचार्य स्वयं या उनके अधिकृत व्यक्ति कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 2.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक अंकसूची प्राप्त कर सकते हैं।




उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित मो. 7772843302 9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक मो. 9639422665 7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यो आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1120
10x4 cm 1400
12x4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478